अजमेर, सीकर, झुंझुनूं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

विज्ञापन के लिऐ : 9314505000    लॉग ऑन करें: www.chamaktarajasthan.com

RNI No. RAJHIN/2011/40950

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

# चमकता राजस्थान

Email- chamaktarajasthan8789@gmail.com    जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित    डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2022-23

जयपुर, सोमवार, 17 जुलाई 2023    वर्ष : 13    अंक : 323    पृष्ठ : 8    दैनिक प्रातः कालीन    मूल्य : 1 रूपया

## न्यूज ब्रीफ

### अजित पवार एनसीपी मंत्रियों के साथ शरद पवार से मिले



**मुंबई, (एजेंसी)।** अजित पवार और उनके गुट के विधायक रविवार को शरद पवार से मिलने पहुंचे। यह मुलाकात वाईबी चह्वाण सेंटर में हुई। मुलाकात के बाद अजित गुट वाली एनसीपी के नेता प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि हमने पैर पकड़कर शरद पवार जी का आशीर्वाद लिया। पटेल ने कहा- हमने उनसे विनती की कि एनसीपीपार्टी साथ रहे और मजबूती से आगे बढ़े, इस बारे में विचार करें। उन्होंने हमें कोई भी प्रतिक्रिया नहीं दी। हां, उन्होंने शांत होकर हमारी बातें सुनीं। शरद पवार से मुलाकात के बाद प्रफुल्ल पटेल ने मीडिया से बातचीत में ये बातें कहीं। उन्होंने बताया कि हमें जानकारी मिली थी कि शरद पवार साहब यहां मौजूद हैं, तो हम बिना उन्हें सूचित किए यहां आ गए। एकनाथ शिंदे सरकार में शामिल होने के बाद शरद पवार और अजित पवार के नेतृत्व वाले गुटों की यह पहली बैठक है। शरद पवार गुट के नेता जयंत पाटिल ने कहा- मुझे सुप्रिया सुले का फोन आया था। उन्होंने मुझसे जल्दी वाईबी चह्वाण सेंटर पहुंचने को कहा। मुझे नहीं पता कि अजित पवार और अन्य विधायक यहां क्यों आए हैं। इससे पहले 14 जुलाई को महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने हृष्टक्क प्रमुख शरद पवार से उनके घर पर मुलाकात की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अजित अपनी चाची प्रतिभा पवार (शरद पवार की पत्नी) से मिलने गए थे, जिन्हें एक सर्जरी के बाद 14 जुलाई को अस्पताल से छुट्टी मिली थी।

### अमेरिका में 11 करोड़ लोग हीटवेव की चपेट में

**वॉशिंगटन, (एजेंसी)।** भारत में जहां लोग तेज बारिश और बाढ़ जैसे हालातों से परेशान हैं। वहीं, अमेरिका में लगातार बढ़ते पारे ने लोगों को जीना मुश्किल कर दिया है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका में अगले हफ्ते तापमान खतरनाक लेवल पर पहुंचने वाला है। इसकी चपेट में 11 करोड़ 30 लाख लोग हैं। फ्लोरिडा, कैलिफोर्निया और वॉशिंगटन में इसे लेकर एडवाइजरी जारी की जा चुकी हैं। अमेरिका की नेशनल वेदर सर्विस ने लोगों से कहा है कि वो अपने सेहत के साथ कोई रिस्क ने लें। अमेरिका में गर्मी कितनी ज्यादा है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि शनिवार को अमेरिका के एरिजोना राज्य में तापमान 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था।

**डेथ वैली में 54 डिग्री पार करेगा पारा :** अमेरिका के मौसम विभाग ने बताया है कि कैलिफोर्निया की डेथ वैली में अगल हफ्ते पारा 54 डिग्री तक पहुंच जाएगा। डेथ वैली दुनिया की सबसे गर्म जगहों में से एक है। अगले हफ्ते पारा और चढ़ने के बाद ये दुनिया का अब तक का सबसे ज्यादा तापमान हो जाएगा। हेल्थ डिपार्टमेंट ने कहा है कि ये हीट उन लोगों के जानलेवा साबित हो सकती है। जिनके पास कुलिंग के उचित साधन नहीं हैं। अमेरिका में गर्मी की वजह से हर साल 700 लोगों की मौत होती है।

### दिल्ली अध्यादेश विवाद पर आम आदमी पार्टी का समर्थन करेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** दिल्ली में केंद्र के अध्यादेश पर अपने पत्ते खोलते हुए कांग्रेस ने रविवार को कहा कि वह संघीय ढांचे को बिगाड़ने के मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के सभी कदमों का विरोध करेगी।

कांग्रेस महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल ने आईएएनएस से कहा, कांग्रेस राज्यपालों और उपराज्यपालों के माध्यम से संघीय ढांचे को बिगाड़ने के केंद्र के सभी कदमों का विरोध करेगी, जिसमें संसद में दिल्ली अध्यादेश भी शामिल है।

उनकी टिप्पणी 17 और 18 जुलाई को कर्नाटक के बेंगलुरु में 24 विपक्षी दलों की दूसरी महत्वपूर्ण बैठक से एक दिन पहले आई है। इस बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी भी शामिल होंगी। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, शनिवार को सोनिया गांधी के आवास पर संसदीय रणनीति समूह की दूसरी बैठक के दौरान इस मुद्दे पर काफी विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया। बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि पार्टी संघीय ढांचे पर हमले का मुद्दा उठाएगी।

हालांकि, जब उनसे पूछा गया कि क्या कांग्रेस अध्यादेश विवाद पर आप पार्टी का समर्थन करेगी तो रमेश ने सवाल टाल दिया और कहा, मैंने स्पष्ट रूप से कहा है कि मोदी सरकार ने संघीय ढांचे पर हमला किया है, हम इसका विरोध करेंगे।



# धार्मिक स्थलों के विकास के लिए प्रतिबद्ध राज्य सरकार वरिष्ठजनों की भावना अनुरूप तीर्थ यात्रा में किया विस्तार: मुख्यमंत्री

## तीन सड़कें बनेंगी दुर्घटना मुक्त, राज्य में 1365 ब्लैक स्पॉट दुरुस्त

**जयपुर, (कासं)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि सड़क निर्माण के साथ सड़क दुर्घटनाएं रोकने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसलिए तीन सड़कों को दुर्घटना मुक्त बनाने की पहल की गई है। प्रदेश में शाहजहांपुर से अजमेर, बर से बिलाड़ा (जोधपुर) और सीकर से बीकानेर सड़क मार्गों को सड़क दुर्घटना मुक्त बनाने के लिए विशेषज्ञों से ऑडिट कराई गई है। इसके ब्लैक स्पॉट और अन्य दुर्घटना के कारणों को दुरुस्त कराकर इन्हें दुर्घटना मुक्त किया जाएगा। यह कार्य जल्द पूरा हो जाएगा। वहीं प्रदेश के 1548 ब्लैक स्पॉट को चिह्नित कर 1365 को दुरुस्त किया जा चुका है। गहलोत शनिवार को वीसी के जरिए प्रदेश के 232 नगर निकायों में 4101 सड़क विकास कार्यों के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे।


**चमकता राजस्थान**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि धार्मिक यात्रा हमारे संस्कार और संस्कृति में है। इनसे दर्शनों के साथ श्रद्धालुओं में आपसी समन्वय, सहयोग और सद्भावना बढ़ती है। राज्य सरकार भी इसी मूल भावना के अनुरूप वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना में प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क तीर्थ यात्राएं करा रही है। गहलोत ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए गांधी नगर रेलवे स्टेशन से कटरा मां वैष्णो देवी यात्रा के लिए जाने वाले दूदू के श्रद्धालुओं को संबोधित किया। उन्होंने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार वरिष्ठ नागरिकों को तीर्थ स्थलों की यात्रा कराने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि दूदू विधायक बाबूलाल नागर द्वारा अपने खर्च पर 1200 श्रद्धालुओं को स्पेशल ट्रेन से यात्रा कराना बड़ी और प्रेरणास्त्रोत पहल है।

**वरिष्ठजनों की भावना अनुरूप योजना का विस्तार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि अगस्त, 2013 में वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना की शुरूआत की गई थी। उस समय 41 हजार 390 यात्रियों को विभिन्न स्थलों पर दर्शन कराए गए, जबकि गत सरकार द्वारा 2013 से 2018 में सिर्फ 47 हजार 742 यात्रियों को ही तीर्थ यात्रा कराई गई। हमने नए तीर्थ स्थल जोड़कर इसे आगे बढ़ाया। अब तक 1.25 लाख से अधिक यात्रियों को दर्शन कराया जा चुका है। प्रदेश के वरिष्ठजनों में योजना को लेकर अपार उत्साह है। इनकी भावनाओं के अनुरूप वित्तीय वर्ष 2023-24 में 40 हजार यात्रियों को यात्रा कराने का लक्ष्य रखा गया है। इस सत्र की पहली ट्रेन 14 जून को जयपुर और कोटा से रामेश्वरम-मदुरई के लिए रवाना की गई थी। गहलोत ने कहा कि हमने इस साल बजट में अयोध्या, वैद्यनाथ, त्रयम्बकेश्वर नासिक और सम्मेद शिखर को भी सूची में जोड़ा है। कोरोना काल में वंचित एक लाख यात्रियों को भी तीर्थ दर्शन कराए जाएंगे। राज्य सरकार तीर्थ यात्रियों के आवागमन, भोजन, आवास, चिकित्सा सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रही है।

**धार्मिक स्थलों के विकास में कृतसंकल्पित :** मुख्यमंत्री ने कहा कि तीर्थ स्थलों के विकास और विस्तार के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्पित है। जयपुर के गोविंद देव जी मंदिर में 100 करोड़ रुपए और खाटूश्याम जी मंदिर में 32 करोड़ रुपए की लागत से भव्य कॉरिडोर बनाया जाएगा। गत साढ़े चार साल में 100 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्य कराए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पुजारियों के मानदेय को बढ़ाया गया है। प्रदेश के 593 मंदिरों में आरती, साज-सज्जा के लिए प्रति मंदिर 1 लाख रुपए दिए गए हैं। अब देवस्थान विभाग द्वारा हर संभाग में देवदर्शन पदयात्रा निकाली जा रही है।

**नए जिलों से प्रशासनिक कार्यों को मिलेगी गति :** गहलोत ने कहा कि नए जिले बनने से प्रशासनिक विकेन्द्रीकरण होगा, जिससे विकास तीव्र गति से होगा। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक ईकाइयां जितनी छोटी होंगी, उतनी ही प्रशासन की आमजन तक पहुंच आसान होगी। कार्यक्रम में विधायक बाबूलाल नागर ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा धार्मिक क्षेत्र के विकास सहित हर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया है। कोरोना और लम्पी रोग के दौरान भी सरकार आमजन के साथ खड़ी रही। समारोह में कृषि मंत्री लालचंद कटारिया, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. महेश जोशी, राजस्व मंत्री रामलाल जाट, राजस्थान लघु उद्योग विकास निगम के अध्यक्ष राजीव अरोड़ा सहित दूदू विधानसभा के श्रद्धालु उपस्थित थे।



### रामगढ़ टाइगर रिजर्व में 3 शावकों के साथ दिखी बाघिन

**जयपुर, (कासं)।** राजस्थान के बूंदी जिले में स्थित रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में बाघिन (टाइग्रेस) RVT-2 अपने 3 शावकों के साथ नजर आई है। रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व के वन क्षेत्र में लगाए गए ट्रैप कैमरा की तस्वीरों में बाघिन अपने 3 शावकों के साथ घूमती हुई नजर आई है। शावकों की उम्र करीब 2 से 4 महीने की बताई जा रही है। इसके बाद वन विभाग ने शावकों की सुरक्षा के लिए प्रबंध करना शुरू कर दिया है। बाघिन और शावकों पर लगातार नजर रखी जाएगी। डीएफओ संजीव शर्मा ने बताया- टाइग्रेस RVT-2 को पिछले साल 16 जुलाई के दिन ही रणथंभौर से रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व लाया गया था। ऐसे में शिफ्टिंग के एक साल में ही बच्चे डिलीवर करने का प्रदेश में यह अनूठा मामला है। रामगढ़ विषधारी में अब टाइगर की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। राजस्थान स्टेट वाइल्डलाइफ बोर्ड के सदस्य धीरेंद्र के गोधा ने बताया- राजस्थान में लगातार बढ़ रही टाइगर की संख्या न सिर्फ प्रदेशवासियों बल्कि देशवासियों के लिए खुशी की खबर है।

## हरियाव-जसपुर लाईमस्टोन ब्लॉक की प्रीमियम दर पर सफल नीलामी, पचास चालीस में 5585 करोड़ का मिलेगा राजस्व : वीनू गुप्ता

**जयपुर, (कासं)।** उदयपुर के हरियाव-जसपुर लाईमस्टोन ब्लॉक माइनिंग लीज की प्रीमियम दर पर सफल नीलामी से विभाग उत्साहित है तो सीकर के न्योराना-धांधेला आयरन ओर ब्लॉक के कंपोजिट लाइसेंस पर नीलामी भी प्रीमियम दर पर होने के साथ ही वित्तीय वर्ष में दो ब्लॉकों की सफल नीलामी हो गई है। अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम वीनू गुप्ता ने बताया कि हरियाव-जसपुर लाईमस्टोन ब्लॉक माइनिंग लीज की ई-नीलामी 134.95 प्रतिशत प्रीमियम पर होने के साथ ही प्रदेश को 50 सालों में साढ़े पांच हजार करोड़ रु. से अधिक की राशि राजस्व के रुप में प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि गत वित्तीय वर्ष में प्रदेश में सर्वाधिक 8 मेजर मिनरल माइंस की एमएल और सीएल की सफल नीलामी हुई थी।

अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस व पेट्रोलियम गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा प्रदेश में खनिज खोज और खनन कार्य को गति देने के निर्देशों के क्रम में विभाग द्वारा एक्सप्लोरेशन और ब्लॉक्स बनाकर पारदर्शी व्यवस्था से नीलामी पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा इस साल मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी का नया रेकार्ड बनाने का रोडमैप बनाकर चरणवद्ध तरीके से भारत सरकार के ईप्लेटफार्म पर नीलामी की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस समय भी आधा दर्जन से अधिक मेजर मिनरल ब्लॉकों की ई नीलामी की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि इस वित्तीय वर्ष की पहली ही नीलामी अच्छे प्रीमियम दर पर होने से विभाग उत्साहित है। नागौर के 7 लाईमस्टोन ब्लॉक व 1 आयरन ओर ब्लॉक की ई-नीलामी प्रक्रिया भारत सरकार के ईपोर्टल पर जारी है। निदेशक माइंस एवं पेट्रोलियम संदेश नायक ने बताया कि उदयपुर के हरियाव-जसपुर लाईमस्टोन के 94.62 हैक्टेयर क्षेत्रफल ब्लॉक में 74.21 मिलियन टन डिपोजिट का आकलन किया गया है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के ई-पोर्टल पर नीलामी के अंतिम चरण में श्री सीमेंट, बिरला कारपोरेशन, वंडर सीमेंट, उदयपुर सीमेंट और अंबुजा सीमेंट ने हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि उदयपुर सीमेंट ने रिजर्व प्राईस पर 134.95 प्रतिषत प्रीमियम बोली लगाकर माइनिंग लीज प्राप्त की है।

संदेश नायक ने बताया कि हरियाव-जसपुर लाईमस्टोन एमएल से राज्य सरकार को 50 साल में 5585.44 करोड़ रु. प्रीमियम, रायल्टी, डीएमएफटी, एनएमईटी आदि के रुप में प्राप्त होगी वहीं इसी वित्तीय वर्ष में पांच करोड़ रु. से अधिक का राजस्व

# राजस्थान में आज तेज बारिश का अलर्ट; अब तक 118 फीसदी ज्यादा बरसात

**चमकता राजस्थान, जयपुर।** राजस्थान में फिर से बारिश का दौर शुरू हो गया है। रविवार सुबह से ही सीकर और अलवर सहित कई जिलों में बारिश का दौर जारी है। वहीं, कल से एक नया वेदर सिस्टम एक्टिव होगा। जिसके असर से 18-19 जुलाई को तेज बारिश हो सकती है। पूर्वी राजस्थान के उदयपुर, कोटा, भरतपुर, जयपुर और अजमेर संभाग के जिलों में इस सिस्टम का असर अगले एक सप्ताह तक रह सकता है। राजस्थान में पिछले 24 घंटे में अलवर, भरतपुर, बीकानेर, कोटा, जयपुर, अजमेर और उदयपुर संभाग के जिलों में अच्छी बारिश हुई। इन जिलों में 16 मिमि से 123मिमि तक पानी बरसा। सबसे ज्यादा बारिश भरतपुर के भुसावर में हुई.इन जिलों के अलावा सवाई माधोपुर, दौसा, अलवर में भी कई जगहों पर 3-4 इंच तक बरसात हुई। जयपुर, भरतपुर, अलवर, करौली समेत कई जिलों में आज सुबह से बादल छाए हुए है, जहां आज भी अच्छी



बारिश होने का अनुमान है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक वर्तमान में एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन पंजाब के पास लगते सेंट्रल पाकिस्तान और एक उत्तर प्रदेश के ऊपर बना हुआ है। मानसून की ट्रफलाइन गंगानगर, नारनौल, ग्वालियर होते हुए पूर्वी भारत के राज्यों की तरफ गुजर रही है। इसी सिस्टम के असर के राजस्थान के पूर्वी जिलों में लगातार हल्की से मध्यम बारिश हो रही है।

विशेषज्ञों के मुताबिक एक-दो दिन बाद एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन अरब सागर से गुजरात के तट और एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बंगाल की खाड़ी में उड़ीसा, पश्चिमी बंगाल के कोस्टल एरिया पर बनेगा, जो लो प्रेशर एरिया में तब्दील हो सकता है। इस सिस्टम के असर से 18-19 जुलाई से राजस्थान के दक्षिणी-पूर्वी हिस्सों में तेज बारिश हो सकती है।

**ओटू हैड से घग्घर में 25 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा :** हनुमानगढ़ में लगातार घग्घर नदी में पानी की आवक हो रही है। कल सुरक्षा की दृष्टि से 23 से ज्यादा गांवों के कई लोगों को शिफ्ट करके उनको राहत कैंपों में पहुंचाया गया है। हरियाणा के ओटू हैड से घग्घर में 25,750 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है, जो कल तक 25 हजार क्यूसेक छोड़ा जा रहा था। नदी में बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन अब घग्घर के पानी को इंदिरा गांधी नहर परियोजना में डायवर्ट करने की तैयारी चल रही है, ताकि बाढ़ के खतरे को कम किया जा सके।

**अब तक 118 फीसदी ज्यादा बरसात :** राजस्थान में मानसून की अब तक की रिपोर्ट देखें तो पूरे प्रदेश में सामान्य से 118 फीसदी ज्यादा बरसात हो चुकी है। राज्य में एक जून से 15 जुलाई तक 119रूरूऔसत बरसात होती है, जिसकी तुलना में इस बार अब तक 259.4रूरू हो चुकी है। राजस्थान के पूर्वी हिस्सों के 23 जिलों में बारिश का औसत सामान्य से 77 फीसदी ज्यादा है, जबकि पश्चिमी हिस्सों के 10 जिलों में 187 फीसदी ज्यादा है।

## सुवेंदु अधिकारी ने तृणमूल पर लगाया आतंकवादी गतिविधि का सहारा लेने का आरोप

**कोलकाता, (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के नेता एवं पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद आतंकवादी गतिविधि का सहारा लेने का आरोप लगाया है और कहा है कि राज्य के तृणमूल के जंगल शासन को समाप्त करना होगा। अधिकारी ने कहा कि 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद तृणमूल ने आतंकवादी रणनीति को अपना लिया है। पश्चिम बंगाल में तृणमूल के खात्मे का समय आ गया है।

हिंसा प्रभावित कई क्षेत्रों का दौरा करने वाले भाजपा नेता ने कहा कि उन्होंने पंचायत चुनाव से प्रभावित कई उम्मीदवारों और भाजपा के कार्यकर्ताओं से मुलाकात की, जो तृणमूल की हिंसा का शिकार हो रहे हैं।

## थाईलैंड में जयशंकर ने की मोदी की तारीफ, कहा- उनके जैसा पीएम मिलना देश का सौभाग्य; वो चीजों की नब्ज पकड़ लेते हैं

**बैंकॉक, (एजेंसी)।** थाईलैंड के बैंकॉक में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पीएम मोदी की तारीफ की। भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा- पीएम मोदी के बारे में सबसे बेहतरीन बात ये है कि वो कई चीजों की नब्ज पकड़ लेते हैं और उसे नीतियों और कार्यक्रमों में बदल देते हैं। मुझे लगता है कि इस समय पीएम मोदी जैसा व्यक्ति मिलना देश का बहुत बड़ा सौभाग्य है। जयशंकर ने कहा- मैं ऐसा इसलिए नहीं कह रहा हूं क्योंकि वो आज प्रधानमंत्री हैं और मैं उनकी कैबिनेट का मेंबर हूं। मैं क्रूमोदी के बारे ऐसा इसलिए कह रहा हूं क्योंकि जब आपके सामने कोरोना जैसी सदी में एक बार होने वाली स्वास्थ्य चुनौती होती है, तो आप घबरा जाते हैं। लेकिन जो व्यक्ति इतना जमीन से जुड़ा हो, वही कह सकता है कि ठीक है, स्वास्थ्य संबंधी चुनौती है, लेकिन घर जाने वाले व्यक्तियों के लिए क्या किया जाएगा; आप उन्हें खिलाने के लिए क्या करेंगे; आप उनके खाते में पैसे कैसे डालेंगे।

**जयशंकर बोले- अच्छे नेता जमीन से जुड़े होते हैं :** आमतौर पर लोगों के मन में ये विचार नहीं आता होगा कि महिलाएं पैसों का प्रबंधन बेहतर तरह से कर सकती हैं। जयशंकर ने कहा- अच्छे नेता वो होते हैं जो जमीन से जुड़े रहते हैं। वे अनुभवी होते हैं और उनमें देश को एक अलग स्तर पर ले जाने का जुनून होता है। ऐसे नेता जमीन से जुड़े और दूरदर्शी होते हैं। ऐसे लोग जीवन में एक बार ही आते हैं। एक डिप्लोमैट से राजनेता बनने तक की अपनी यात्रा पर बात करते हुए जयशंकर ने कहा- बतौर डिप्लोमैट मैंने हमेशा राजनेताओं के साथ काम किया, लेकिन बिना किसी वीकेंड के राजनीति की 24×7 दुनिया में रहना अलग बात है।

**विदेश मंत्री ने कहा- भगवान हनुमान अब तक के सबसे बेहतरीन डिप्लोमैट :** विदेश मंत्री ने बताया कि उनके हिसाब से अब तक का दुनिया का सबसे शानदार डिप्लोमैट अगर कोई है तो वो भगवान हनुमान हैं। अपनी लिखी हुई किताब से जुड़े एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा- मैंने एक किताब लिखी थी कि कैसे महाभारत अंतरराष्ट्रीय राजनीति में एक मार्गदर्शक की तरह काम कर सकती है। महाभारत शासन करना सिखाती है, लेकिन अगर आप रामायण की तरफ देखें, अगर आप मुझसे पूछे कि अब तक का सबसे अच्छा डिप्लोमैट कौन रहा है तो मेरा जवाब भगवान हनुमान होगा। रामायण में हनुमान भगवान राम की तरफ से लंका जाते हैं। जयशंकर ने कहा- हम एक पल के लिए श्रीराम को एक देश की तरह देखते हैं।

## गरीबों का हक मारती है राज्य सरकार

# गहलोत कॉन्ट्रैक्ट पर हैं, पायलट तो सब-कॉन्ट्रैक्ट पर :नड्डा

**चमकता राजस्थान, जयपुर।** बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आज प्रदेश भाजपा के %नहीं सहेगा राजस्थान% आंदोलन को लॉन्च किया। इस दौरान नड्डा ने कहा- यूपीए का मतलब है, उत्पीड़न, पक्षपात और अत्याचार। नड्डा ने कहा- गहलोत सरकार ने पक्षपात करने का काम किया है। जयपुर बम ब्लास्ट मामले में वसुंधरा सरकार ने फास्ट ट्रैक कोर्ट चलाई। गहलोत सरकार ने आतंकवादियों को छोड़ने का काम किया।

नड्डा ने कहा- गहलोत सरकार ने पाकिस्तान से आए शरणार्थियों के घरों पर बुलडोजर चलाने का काम किया। वहीं, बांग्लादेश से आए रोहिंग्याओं को बसाने का काम किया है। उनके वोटर आईडी और आधार कार्ड बनाने का काम गहलोत सरकार ने किया है। नड्डा ने कहा- यह गहलोत सरकार नहीं है, यह घर को लूटने वाली सरकार है। दिल्ली को पैसा भेजने और गरीबों का हक मारने वाली सरकार है। इस सरकार ने भ्रष्टाचार में रिकॉर्ड बनाने का काम किया है। नड्डा ने कहा- गहलोत को हमें नवंबर में घर बैठाना है।




भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि राम मंदिर बनाने का हम सबका सपना था। वो पूरा हो रहा है। केदारनाथ, उज्जैन का जीर्णोद्धार हुआ है। हम पुष्कर तीर्थ का भी जीर्णोद्धार करवा रहे हैं। इसे लेकर केंद्र सरकार ने 40 करोड़ रुपए दिए हैं। जेपी नड्डा ने कहा- गहलोत के परिवार के लोग हजारों करोड़ के टेंडर ले रहे हैं। गहलोत परिवारवाद को पोषित करने में लगे हैं। भरतपुर की एक मंत्री के पति पर रेप और मर्डर के चार्ज हैं, लेकिन गहलोत उन्हें बचाने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस मां, बेटे और बेटी की पार्टी है। गहलोत तो कॉन्ट्रैक्ट पर हैं। सचिन तो सब-कॉन्ट्रैक्ट पर हैं।

**पूनिया ने कहा- माधुरी दीक्षित के गाने की तरह राहुल गांधी ने कर्ज माफी पर गिनती बोली :** इस दौरान उप नेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया ने संबोधित करते हुए कहा- जैसे माधुरी दीक्षित 1,2,3,4......5,6 गाना गाती है। उसी तरह से राहुल गांधी ने कर्ज माफी के लिए 1 से 10 तक गिनती बोली। किसान का कर्ज माफ नहीं हुआ।

**वसुंधरा बोलीं- पेपर लीक का सुनकर मुझे रोना आता है :** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा- इस सरकार ने साढ़े चार साल में भ्रष्टाचार में डूब कर सरकार चलाई है। चारों ओर लूट मची हुई है। कल तो गहलोत सरकार ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। इनके पूर्व राज्यमंत्री 18.40 लाख रुपए की घूस लेते हुए पकड़े गए। प्रदेश में धर्म परिवर्तन हो रहे हैं। हमारी भामाशाह योजना को बंद करके उन्होंने चिरंजीवी योजना शुरू की। अन्नपूर्णा रसोई को बदलकर इंदिरा योजना कर दिया। खाने की क्वालिटी हमारे मुकाबले खराब कर दी है। वसुंधरा ने कहा- पेपर लीक का सुनकर तो मुझे रोना आता है। 19 पेपर लीक हो गए। 40 लाख युवाओं का भविष्य खराब हो गया।

**दिल्ली बुलाने पर अंगूठा दिखा देते हैं गहलोत :** बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को जब भी दिल्ली बुलाया जाता है, तब वे अंगूठा दिखा देते हैं। पहले हाथ का अंगूठा दिखाया था। अब पैर का अंगूठा दिखा दिया।

**नहीं सहेगा राजस्थान% का पोस्टर लॉन्च :** जयपुर के बीलवा में चंदन वन वाटिका में भाजपा के %नहीं सहेगा राजस्थान% आंदोलन से संबधित ऑडियो, वीडियो और पोस्टर का विमोचन किया गया। प्रदेश में अगले 15 दिन भाजपा आक्रामक तरीके से गहलोत सरकार के खिलाफ आंदोलन करेगी। %नहीं सहेगा राजस्थान% आंदोलन जयपुर से शुरू होकर संभाग और प्रत्येक विधानसभा स्तर तक किया जाएगा। इसकी अलग से एक वेबसाइट भी जारी की गई है। वेबसाइट पर प्रदेश स्तर से लेकर विधानसभा स्तर तक आंदोलन से जुड़ी तमाम जानकारियां मिलेंगी। यह आंदोलन प्रदेशभर में 1 अगस्त तक चलेगा। एक अगस्त को जयपुर में महा आंदोलन होगा।

## गेमिंग पर ज्यादा टैक्स

ऑनलाइन गेमिंग पर सरकार ने उचित ही 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने का फैसला किया है। जिस दौर में दूध से बने उत्पादों पर जीएसटी लग सकता है, जब कंडेस्ड मिल्क पर 12 प्रतिशत जीएसटी लग सकता है, तब ऑनलाइन गेमिंग पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने पर आश्चर्य नहीं होना चाहिए। जीएसटी तय करने वाली वस्तु एवं सेवा कर परिषद ने मंगलवार को नई दिल्ली में अपनी 50वीं बैठक में ऑनलाइन गेमिंग, घुड़दौड़ व कैसीनो पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने का फैसला किया है। सरल शब्दों में कहें, तो ऑनलाइन गेम पर प्रति 100 रुपये खर्च करने पर 28 रुपये जीएसटी लिया जाएगा। अगर ऑनलाइन गेम उद्योग के नजरिये से देखें, तो यह बुरी खबर है। भारत में ऑनलाइन गेमिंग बाजार एक अरब डॉलर से ज्यादा का है। जीएसटी से न केवल ऑनलाइन गेम खेलने वाले, बल्कि इससे आजीविका चलाने वालों पर भी असर पड़ेगा। एक बड़ी चिंता यह भी है कि इससे बचने के लिए चोर रास्ते खोजे जाएंगे, जिससे अवैध गेमिंग कारोबार विकसित हो जाएगा। ज्यादा नियम-कायदे व ज्यादा शुल्क या कर वसूली का यह एक बड़ा नुकसान है। क्या सरकार ने इस बारे में सोच लिया है? भारत में तेजी से बढ़ते ऑनलाइन गेमिंग कारोबार से राजस्व उगाही का सरकार का फैसला खुद उसके नजरिये से बुरा नहीं है, पर सरकार को ध्यान रखना चाहिए कि इस उद्योग का विकास प्रभावित न हो। जहां तक घुड़दौड़ और कैसीनो का सवाल है, तो इन पर 28 प्रतिशत जीएसटी का कोई भी विरोध नहीं करेगा, लेकिन जुआ और खेल पर एक ही अनुपात में कर लगाने का विरोध भी विचारणीय है। इसके अलावा यह जीएसटी वसूली भी आसान नहीं होगी। अगर सरकार पुख्ता निगरानी के साथ यथोचित टैक्स वसूलना चाहती है, तो उसका स्वागत है। एक और बात ध्यान देने की है कि भारत का पैसा भारत में ही रहना चाहिए। अभी विदेशी कंपनियों प्रभावी हैं और देशी कंपनियों को सही कारोबार के लिए कुछ रियायत देने में कोई हर्ज नहीं है। जिन खेलों की लत लग सकती है या जो खेल जुआ की प्रकृति के हैं, जो स्वयं ही जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए घोषणा करते हैं कि आप अपने जोखिम पर खेलिए, उनसे भारी कर वसूली कतई गलत नहीं है। दूसरी ओर, जो खेल किसी तरह का नुकसान नहीं करते हैं, जो जिम्मेदारी के साथ स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा या मनोरंजन को बढ़ावा देते हैं, उनके प्रति नरम नजरिया गलत नहीं होगा। कोई शक नहीं कि ऑनलाइन गेम का क्षेत्र बहुत विशाल है और यहां सेवाओं-सुविधाओं को बहुत सुलझाने-संवारने की जरूरत है। सरकार को कौशल आधारित खेलों को बढ़ावा देना चाहिए, लेकिन तुक्का या भाग्य आधारित खेलों को हतोत्साहित करने में कोई हर्ज नहीं है। देश में ऑनलाइन कुशलता को बढ़ावा देना सामाजिक व आर्थिक, दोनों तरह से सही है। देश के आर्थिक हित महत्वपूर्ण हैं, पर सामाजिक हित की भी उपेक्षा नहीं हो सकती। इंटरनेट के दौर में सरकारों के लिए आय के नए-नए स्रोत बन रहे हैं, लेकिन हर स्रोत को समान रूप से देखने से बचना चाहिए। ऑनलाइन खेल उद्योग को अपनी बात तर्क के साथ सरकार के सामने रखनी चाहिए। गौर कीजिए, हमारी कंपनियों में एक कमी दिखने लगी है कि वे सरकारी नियम-कायदों से बचने के लिए अपने मुख्यालय सिंगापुर या लंदन या यूएई ले जाने लगी हैं। देश को आर्थिक महाशक्ति बनाना है, तो सभी को अपना-अपना आर्थिक हित देखने के बजाय देश का व्यापक हित देखना पड़ेगा।

## बाढ़ से सबक

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के एक बड़े इलाके में जलभराव या बाढ़ के हालात दुखद ही नहीं, बल्कि चिंताजनक भी हैं। पिछले कुछ दिनों से दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश के चलते मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। अभी दिल्ली में पानी का जैसा मंजर है, वैसा 1978 के बाद नजर नहीं आया था। दिल्ली में यमुना का जल-स्तर बुधवार देर रात केंद्रीय जल आयोग के अनुमान 207.99 मीटर से अधिक होकर 208.08 मीटर के निशान को पार कर गया, जिससे अधिकारी अत्यधिक सतर्क हो गए। एहतियात के तौर पर राष्ट्रीय राजधानी के निचले इलाकों में रहने वाले हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया गया है और जिन इलाकों की ओर पानी बढ़ने की आशंका है, वहां से भी लोगों को हटाने की कवायद चल रही है। मंगलवार को लगा था कि यमुना में जल-स्तर घट जाएगा, पर बुधवार को यह बढ़ने लगा, इससे उचित ही चिंता की लहर दौड़ गई। पंजाब और हरियाणा के बाढ़ प्रभावित इलाकों में भी राहत कार्य की जरूरत पड़ गई है। सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्कूलों व अन्य संस्थानों को बंद करना पड़ा है। कर्मचारियों को घर से काम करने को कहा गया है। दिल्ली में निचले इलाकों में बसे लोगों ने कभी इतना पानी नहीं देखा था और इसीलिए वे अपना घर छोड़ने को तैयार नहीं थे, मगर अनेक इलाकों में काफी समझाने-बुझाने के बाद लोग सुरक्षित स्थान तक पहुंचे हैं। इसमें कोई शक नहीं है कि लोगों को प्रशासन के निर्देशों के अनुरूप ही चलना चाहिए और किसी भी तरह का खतरा नहीं उठाना चाहिए। इतने पानी के बावजूद अगर दिल्ली अपने जान-माल की सुरक्षा कर पाती है, तो यह एक बड़ी कामयाबी होगी। प्रशासन को लगता है कि जल-स्तर आने वाले समय में बढ़ सकता है, ऐसे में, लोगों को हर स्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए। यह अफसोस की ही बात है कि ऐसे समय में भी अनेक नेता राजनीति का मौका हाथ से जाने नहीं दे रहे। क्या जलभराव या ऐसी बाढ़ के लिए किसी एक राजनीतिक दल को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है? अभी तो इस प्रश्न पर विचार का अवकाश भी नहीं है। अभी तो शासन-प्रशासन और जन-प्रतिनिधियों का पूरा ध्यान बचाव कार्यों पर होना चाहिए। लोगों को भी राजनीति पर ध्यान देने से बचना चाहिए। मौसम विभाग और सरकार के अनुमानों पर निगाह रखनी चाहिए। भारी बारिश का असर केवल दिल्ली तक सीमित नहीं है, देश के एक बड़े इलाके में यातायात पर असर पड़ा है। रेल यातायात भी इससे प्रभावित हुआ है। गौर करने की बात है कि 7 जुलाई से 15 जुलाई के बीच 300 से अधिक मेल व एक्सप्रेस ट्रेनें और 406 पैसेंजर ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। कुल मिलाकर, देश भर में लगभग 1,100 रेलगाड़ियों का परिचालन प्रभावित हुआ है। दरअसल, उत्तर व पश्चिमी भारत के एक बड़े इलाके में शनिवार से ही बारिश-पानी का क्रम बना हुआ है। जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में भारी से भी ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। ऐसी बारिश और बाढ़ से हमें व्यापक रूप से सबक लेना चाहिए। क्या हम राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र को ऐसी त्रासद स्थिति से बचा सकते हैं? क्या अतिरिक्त जल की निकासी का कोई कारगर तंत्र विकसित हो सकता है? अगर हो सकता है, तो अभी तक क्यों विकसित नहीं हुआ? संदेश स्पष्ट है कि जल-प्रबंधन पर हमें ईमानदारी से काम करना होगा।

## गरीबी उन्मूलन एवं आर्थिक उन्नति के सुखद संकेत

एक और दूसरी सुखद आर्थिक संकेत देने वाली खबर यह आयी है कि मशहूर वित्तीय एजेंसी गोल्डमेन सैक्स के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था वर्ष 2075 तक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बन जायेगी।विगत नौ वर्ष में मोदी सरकार विकास एवं सशक्तीकरण के अनेक आयाम स्थापित किये हैं, सरकार ने ऐसी गरीब कल्याण की योजनाओं को लागू किया गया है, जिससे भारत के भाल पर लगे गरीबी के शर्म के कलंक को धोने के सार्थक प्रय% हुए है एवं गरीबी की रेखा से नीचे जीने वालों को ऊपर उठाया गया है।

आजादी के अमृत काल में सशक्त भारत एवं विकसित भारत को निर्मित करते हुए गरीबमुक्त भारत के संकल्प को भी आकार देने के शुभ संकेत मिलने लगे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार ने वर्ष 2047 के आजादी के शताब्दी समारोह के लिये जो योजनाएं एवं लक्ष्य तय किये हैं, उनमें गरीबी उन्मूलन के लिये भी व्यापक योजनाएं बनायी गयी है। इससे पूर्व मं बनायी मोदी सरकार की योजनाओं के गरीबी उन्मूलन के चमत्कारी परिणाम आये हैं। हाल ही में जारी संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम व ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की एक अध्ययन रिपोर्ट में यह बताया गया कि पिछ्ले पंद्रह वर्षों में भारत 41.5 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा के ऊपर उठाने में कामयाब हुआ है। निस्संदेह, यह खबर भारतीय अर्थव्यवस्था की सुखद तस्वीर पेश करती है। एक और दूसरी सुखद आर्थिक संकेत देने वाली खबर यह आयी है कि मशहूर वित्तीय एजेंसी गोल्डमेन सैक्स के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था वर्ष 2075 तक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बन जायेगी।विगत नौ वर्ष में मोदी सरकार विकास एवं सशक्तीकरण के अनेक आयाम स्थापित किये हैं, सरकार ने ऐसी गरीब कल्याण की योजनाओं को लागू किया गया है, जिससे भारत के भाल पर लगे गरीबी के शर्म के कलंक को धोने के सार्थक प्रयत्न हुए है एवं गरीबी की रेखा से नीचे जीने वालों को ऊपर उठाया गया है। वर्ष 2005 से 2020 तक देश में करीब 41 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं तब भी भारत विश्व में एकमात्र ऐसा देश है जहां गरीबी सर्वाधिक है। भारत और इसकी अर्थव्यवस्था की सफलताओं व संभावनाओं की बुनियाद में राजनीतिक स्थिरता, मोदी सरकार की दूरगामी एवं गरीबी उन्मूलन की योजनाओं की बड़ी भूमिका है। यूएनडीपी की वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) के आंकडे भी इसी तथ्य की पुष्टि करते हैं। साल 2005-06 में देश में करीब 64.5 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी-रेखा के नीचे जी रहे थे। वर्तमान में अब यह संख्या काफी कम होकर वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक के अनुसार भारत में कुल 23 करोड़ गरीब हैं। बावजूद इसके यह स्पष्ट संकेत है कि तमाम कल्याणकारी योजनाओं के बावजूद गरीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नए विचारों एवं कल्याणकारी योजनाओं पर विमर्श के साथ गरीबों के लिये आर्थिक स्वावलम्बन-स्वरोजगार की आज देश को सख्त जरूरत है। गरीबों को मुफ्त की रेवड़िया बांटने एवं उनके वोट बटोरने की स्वार्थी राजनीतिक मानसिकता से उपरत होकर ही संतुलित समाज संरचना की जा सकती है। मोदी सरकार राजनीतिक रूप से स्थिर रही हैं और इनकी प्राथमिकताओं में गरीबी उन्मूलन प्रमुखता से शामिल रहा है। महान् अर्थशास्त्री मनमोहन सिंह की सरकार भी स्थिर थी और उन्होंने भी गरीबी उन्मूलन के ठोस उपक्रम किये। उनकी सरकार के समय से ही यह प्रयास निरन्तर जारी है। अनूठी बात यह है कि ये दोनों सरकारें दो विपरीत राजनीतिक ध्रुवों पर खड़ी रही हैं, पर इनका आर्थिक दर्शन एक रहा है। मगर भारतीय अर्थव्यवस्था के नीति-नियंताओं को इसकी कुछ विसंगतियों को गंभीरता से देखने की जरूरत है। देश में गरीबी का अंत जितना जरूरी है, आर्थिक विषमताओं से निपटना उससे कम अहम नहीं है। ऑक्सफेम की हालिया रिपोर्ट ने खुलासा किया था कि देश की 60 फीसदी संपत्ति सिर्फ पांच प्रतिशत भारतीयों के पास है, जबकि निचले 50 प्रतिशत लोगों के पास राष्ट्रीय संपत्ति का सिर्फ तीन फीसदी हिस्सा है। हमें इस बात की खुशी है और होनी चाहिए कि हमने डेढ़ दशकों में इतने करोड़ों लोगों को गरीबी-रेखा से ऊपर उठाया, मगर हम इस तथ्य की भी अनदेगी नहीं कर सकते कि 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त राशन मुहैया कराया जा रहा है। एक अच्छी-खासी तादाद में हमारे करोड़पति-अरबपति दूसरे देश जाकर बस भी रहे हैं। क्या भारतीय नागरिकता छोड़ने वाले अरबपतियों पर कोई प्रभावी दण्ड व्यवस्था लागू नहीं होनी चाहिए? भारतीय सत्ता प्रतिष्ठानों को इन विसंगतियों पर नियंत्रण पाने के तार्किक रास्ते तलाशने होंगे। हम नहीं भूल सकते कि हमारी गरीबी की रेखा जिस स्तर पर तय होती है, उसके ऊपर भी जीवन काफी कठिन है। इसलिए इन खुशनुमा आर्थिक तस्वीरों को हाशिये के करोड़ों भारतीयों के लिए सुखद बनाने की कवायद की जाए।जिन दो एजेंसियों ने भारत की सुखद एवं खुशहाल आर्थिक तस्वीर प्रस्तुत की है, उस तस्वीर में एक वर्तमान भारत से संबंधित है, दूसरी भविष्य के भारत के संबंध में। दोनों ही तस्वीर नये भारत, सशक्त भारत, विकसित भारत एवं दूसरी की सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनने की बात को उजागर कर रही है। इन सुखद क्षणों में अधिक सावधानी एवं सर्तकता अपेक्षित है। यह अधिक चुनौतीपूर्ण दौर है, क्योंकि भारत अमीर-गरीब के बीच बढ़ रहा फासला एक चिन्ता का कारण है, जिस बड़ा राजनीतिक मुद्दा होना चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से यह मुद्दा कभी भी राजनीतिक मुद्दा नहीं बना। शायद राजनीतिक दलों की दुकानें इन्हीं अमीरों के बल पर चलती है और गरीबी कायम रहना उनको सत्ता दिलाने का सबसे बड़ा हथियार है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश में अमीर अधिक अमीर हो रहे हैं और गरीब अधिक गरीब। विपक्ष के सामने इससे अच्छा क्या मुद्दा हो सकता है? गरीबी के आंकड़ों में कमी के लिए इनदिनों दो घटनाक्रमों का जिक्र सुनने को मिल रहा हैं। पहला, ग्रामीण रोजगार गारंटी जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए बड़ी मात्रा में नगद भुगतान और दूसरा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना एवं उज्ज्वला योजना के तहत सब्सिडी युक्त ईंधन एवं मुफ्त अनाज। गरीबी के स्तर पर इन कार्यक्रमों के प्रभाव को मापने का एक आधार है। मसलन, इन कार्यक्रमों से लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ है और उन्हें मजदूरी से आय मिलती है, यह गरीबी दूर करने का प्रभावी तरीका है। कल्याणकारी योजनाओं के रूप में सस्ती गैस का अर्थ है एक प्रमुख घरेलू खर्च की बचत। वहीं मुफ्त खाद्यान्न का अर्थ है भोजन पर होने वाले खर्च में बचत यानी बढ़ी हुई आय।नया भारत-सशक्त भारत बनाने की जरूरत यह नहीं है कि चंद लोगों के हाथों में ही बहुत सारी पूंजी इकट्ठी हो जाये, पूंजी का वितरण ऐसा होना चाहिए कि विशाल देश के लाखों गांवों एवं करोड़ों लोगों को आसानी से उपलब्ध हो सके। लेकिन क्या कारण है कि महात्मा गांधी को पूजने वाला पूर्व सत्ताशीर्ष का नेतृत्व उनके ट्रस्टीशीप के सिद्धान्त को बड़ी चतुराई से किनारे करता रहा है। यही कारण है कि एक ओर अमीरों की ऊंची अट्टालिकाएं हैं तो दूसरी ओर फुटपाथों पर रेंगती गरीबी। एक ओर वैभव ने व्यक्ति को विलासिता दी और विलासिता ने व्यक्ति के भीतर क्रूरता जगाई, तो दूसरी ओर गरीबी तथा अभावों की त्रासदी ने उसके भीतर विद्रोह की आग जला दी। वह प्रतिशोध में तपने लगा, अनेक बुराइयां बिन बुलाए घर आ गईं। महंगाई इनदिनों तेजी से बढ़ रही है।

## संकट में पड़ी विपक्षी एकता

महाराष्?ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार और उनके भतीजे अजीत पवार के बीच मनमुटाव की जो खबरें आ रही थीं, वे तब सच साबित हुईं, जब अजीत ने अधिकांश विधायकों के साथ विद्रोह कर दिया और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार से जा मिले। जहां अजीत पवार ने उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, वहीं राकांपा के आठ विधायकों ने मंत्री पद की। अजीत पवार चुप नहीं बैठेंगे, यह उसी समय तय हो गया था, जब शरद पवार ने उनकी अनदेखी कर बेटी सुप्रिया सुले को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बना दिया था। हालांकि पार्टी में बगावत के बाद शरद पवार कह रहे हैं कि वह अपनी पार्टी को फिर से खड़ा करेंगे, लेकिन फिलहाल ऐसा मुश्किल लगता है, क्योंकि कई वरिष्ठ नेता अजीत पवार के साथ हैं। इनमें प्रफुल्ल पटेल भी हैं, जो सुप्रिया के साथ कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए थे। पटेल शरद पवार के विश्वासपात्र और उनके दाहिने हाथ माने जाते थे, लेकिन उन्होंने भी अजीत पवार का साथ देना पसंद किया।राकांपा में टूट से एक बार फिर यह साबित हुआ कि परिवारवादी दल कलह और टूट-फूट का शिकार होते ही रहते हैं। यह कोई पहली बार नहीं, जब किसी परिवारवादी दल में टूट हुई हो। ऐसे दलों में ऐसा होता ही रहता है। तेलुगु देशम पार्टी और शिवसेना में टूट हो चुकी है। इसके अलावा डीएमके, लोक जनशक्ति पार्टी और सपा पारिवारिक कलह का शिकार हुई हैं। राकांपा भी इसीलिए टूटी, क्योंकि शरद पवार ने भतीजे अजीत पवार के बजाय बेटी सुप्रिया को महत्व दिया और वह भी इसके बाद कि अजीत कहीं अधिक प्रभावी नेता हैं। परिवारवादी दलों में आम तौर पर टूट-फूट और कलह इसलिए होती है, क्योंकि दल विशेष का मुखिया अपने बेटे या बेटी को ही प्राथमिकता देता है। इस क्रम में परिवार के अन्य सदस्यों के साथ वरिष्ठ नेताओं की भी उपेक्षा होती है और इससे ही असंतोष उपजता है, जो प्रायः टूट का कारण बनता है।अजीत पवार ने इसके पहले भी शरद पवार से बगावत की थी। 2019 में उन्होंने तब भाजपा की सरकार में अचानक उपमुख्यमंत्री की शपथ ले ली थी, जब महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन चल रहा था। तब वह 80 घंटे बाद ही वापस राकांपा में लौट गए थे और उनके साथ मुख्यमंत्री की शपथ लेने वाले देवेंद्र फडणवीस को इस्तीफा देना पड़ा था। कहा जाता है कि तब अजीत पवार को भाजपा के पाले में भेजना शरद पवार की एक चाल थी। सच जो भी हो, इस घटनाक्रम से भाजपा की अच्छी-खासी किरकिरी हुई थी। इसी घटनाक्रम के कुछ समय बाद शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस ने मिलकर सरकार बनाई। यह सरकार शिवसेना के एकनाथ शिंदे की बगावत के चलते गिर गई थी।अजीत पवार की मानें तो राकांपा के अधिकांश विधायक पहले से ही इस मत के थे कि भाजपा के साथ सरकार में शामिल हुआ जाए, लेकिन शरद पवार के आगे उनकी एक नहीं चली। बाद में राकांपा और कांग्रेस ने अपनी धुर विरोधी शिवसेना से हाथ मिलाकर महाविकास आघाड़ी का गठन किया और सत्ता में आए। इस सरकार के गिरने के बाद शिवसेना और कांग्रेस के साथ राकांपा के विधायक भी सत्ता से वंचित हो गए। हो सकता है कि अजीत पवार इस बार इसलिए ज्यादातर विधायकों को अपने साथ लेने में सफल रहे, क्योंकि उनमें से अनेक बड़े कारोबारी हैं और उन्हें सत्ता का साथ-संरक्षण तमाम सहूलियत देता है।अपनी पार्टी में बगावत के बाद शरद पवार भले ही खुद को असली राकांपा बता रहे हों, लेकिन फिलहाल अजीत पवार का पलड़ा भारी लग रहा है। पार्टी पर कब्जे को लेकर चाचा-भतीजे के बीच की कानूनी लड़ाई का नतीजा जो भी हो, देवेंद्र फडणवीस ने अजीत पवार के साथ मिकलर शरद पवार को उनके ही खेल में मात दे दी। एक तरह से वही असली चाणक्य साबित हुए। अजीत पवार और एनसीपी के विधायकों को भाजपा की तरफ मोड़ने में फडणवीस की बहुत महत?वपूर्ण भूमिका रही ।

## मन मारने की मजबूरी

अनधिकृत तौर पर औरों की बातें सुनना कोई अच्छी बात नहीं मानता मैं। लेकिन उस दिन हालात मेरे वश में नहीं थे। जिस कुर्सी पर मैं बैठा था, वही मेरे लिए निर्धारित थी। पास ही एक अन्य शख्स की फोन पर अपने किसी मित्र से बातचीत हो रही थी। उस मित्र को अंदाजा नहीं था कि इस जिगरी दोस्त के साथ की जा रही उसकी बातचीत एक तीसरे व्यक्ति तक पहुंच रही है जो उसके अपने मतलब निकाल सकता है। खैर, मैं इस मामले में कुछ कर नहीं सकता था, सो मैंने इसके नैतिक पहलू पर सोचना बंद कर दिया। अब यह पूरी बातचीत मजेदार लगने लगी। वह दोस्त अपनी जिंदगी से काफी बोर हो चुका लग रहा था, खासकर प्रफेशनल जिंदगी से। जो वह कर रहा था, उसमें उसे मजा नहीं आ रहा था और जिन बातों में मजा आने की संभावना थी, उनमें इतनी कमाई होने के आसार नहीं थे कि घर-परिवार का गुजारा हो जाए। उस व्यक्ति का चेहरा सामने नहीं था लेकिन आवाज में इतनी शिद्दत थी कि बोलते हुए चेहरे पर जो उतार-चढ़ाव आ रहे होंगे वे आंखों के सामने तैर जा रहे थे। वह आवाज मन की यह इच्छा व्यक्त कर रही थी कि बनारस में रह रहीं संगीत से जुड़ी हस्तियों से बातचीत की जाए, उनकी संगति में थोड़ा वक्त गुजारा जाए। लेकिन इसकी दो ही सूरत हो सकती है। पहली यह कि उनमें से किसी का शिष्यत्व स्वीकार करके बरसों उनके साथ सुर की साधना की जाए। लेकिन जीवन की जो दशा और दिशा है, उसमें यह संभव नहीं।

## नए भारत को चाहिए क्या प्रशासनिक ढांचा

ब्रिटिश औपनिवेशिक दौर का भग्नावशेष बना भारत का प्रशासनिक ढांचा देश की तेजी से बढ़ती आबादी और विविधतापूर्ण एवं समयानुकूल आवश्यकताओं की पूर्ति में सक्षम नहीं दिख रहा। कालातीत हो चुका यह ढांचा देश की प्रगति को अवरुद्ध कर सक्षम एवं प्रभावी जन सेवाएं प्रदान करने में नाकाम हो रहा है। इसलिए देश के बेहतर भविष्य के लिए प्रशासनिक सुधार कोई विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्य हो गए हैं। कई विद्वान एवं विश्लेषक समय-समय पर इनकी आवश्यकता बताते रहे हैं। जैसे कि औपनिवेशिक प्रशासनिक अमले की विरासत से उपजी चुनौतियों को लेकर प्रतिष्ठित राजनीति विज्ञानी एवं संविधान विशेषज्ञ ग्रेनविल आस्टिन ने दर्शाया था कि इस प्रणाली में लचीलेपन का अभाव है और यह नागरिकों के अनुसार स्वयं को ढालने और आकार ले रहे सामाजिक परिवर्तनों से ताल मिलाने में अक्षम है। संविधान शिल्पी और सामाजिक न्याय के प्रवर्तक डा. बीआर आंबेडकर ने भी समतामूलक समाज के निर्माण में प्रशासनिक सुधारों की महत्ता को रेखांकित किया था। उनका कहना था कि औपनिवेशिक पूर्वाग्रहों वाला प्रशासनिक ढांचा देश के समक्ष विद्यमान सामाजिक-आर्थिक विषमताओं के समाधान में प्रभावी रूप से उपयोगी नहीं हो सकता। अब सक्षमता, पारदर्शिता, जवाबदेही और तत्परता जैसे पहलुओं के आधार पर प्रशासनिक ढांचे को नए सिरे से खड़ा करने के लिए सुधारों की मांग जोर पकड़ रही है। इसका उद्देश्य ऐसी नौकरशाही का निर्माण करना है जो लोगों की सेवा करे, विकास को गति दे और सभी नागरिकों तक समान अवसर सुनिश्चित कर सके। इसमें भ्रष्टाचार पर प्रहार, अक्षमताओं से मुक्ति, शक्तियों का विकेंद्रीकरण और तकनीकी का लाभ उठाने पर जोर है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में नागरिकों की आकांक्षा पूर्ति की दिशा में ऐसे सुधारों के लिए ढांचागत बदलाव अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। वास्तव में, प्रशासनिक ढांचे पर चढ़ी औपनिवेशिक खुमारी उतारकर एक ऐसे प्रशासनिक तंत्र की राह प्रशस्त करना आवश्यक हो चला है जो विशुद्ध भारतीय चरित्र एवं मूल्यों से ओतप्रोत हो। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि भारत में प्रशासनिक सुधार महज आवश्यकता न होकर राष्ट्र की प्रगति, विस्तार एवं संसाधनों की उचित साझेदारी के लिए एक पूर्वनिर्धारित शर्त बन गई है। अक्षमता और भ्रष्टाचार प्रभावी लोक सेवाओं की राह में बड़े अवरोधक हैं। भ्रष्टाचार लोक सेवाओं की गुणवत्ता घटाने के साथ ही शासन में जनता के भरोसे को भी घटाता है। इसलिए सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में भ्रष्टाचार से निपटना बड़ी चुनौती है। इस दिशा में केंद्र सरकार ने लाभार्थियों के खाते में सीधे रकम पहुंचाकर भ्रष्टाचार के विरुद्ध एक बड़ी पहल की है। इससे सरकारी संसाधनों का रिसाव रुका है। हालांकि, राष्ट्रजीवन के कुछ अन्य क्षेत्रों में भ्रष्टाचार का दंश अभी भी लोगों को चुभ रहा है। ड्राइविंग लाइसेंस का मामला ही ले लीजिए। इसमें कई बार अपात्र लोगों को भी लाइसेंस मिल जाता है। ऐसे लोग गाड़ी चलाते हुए न केवल खुद के लिए, बल्कि दूसरों के लिए भी जोखिम बन जाते हैं। वहीं, पात्र लोगों को भी जेब ढीली करनी पड़ जाती है। दोनों स्थितियों के लिए भ्रष्टाचार जिम्मेदार है, जिस पर लगाम लगानी होगी और यह सुधारों के बिना संभव नहीं होगा।प्रशासनिक सुधारों के पीछे मंशा केवल एक ढांचे का कायाकल्प करना ही नहीं, बल्कि लोक सेवाओं को और बेहतर बनाने के साथ ही नागरिकों की बदलती आवश्यकताओं की कसौटी पर खरा उतरने की भी है। इस दिशा में शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस बल, सार्वजनिक उपक्रमों आदि में सुधार भी करने होंगे। इसमें पारदर्शिता एवं जवाबदेही भी अहम पहलू हैं, क्योंकि किसी समाज के जागरूक एवं सक्रिय बनते जाने पर इन्हें लेकर मांग और मुखर होती जाती है। जनस्तर पर आकार ले रहा परिवर्तन भी प्रशासनिक सुधारों की मांग को गति दे रहा है। ऐसे सुधारों में तकनीक को अपनाना अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। इससे प्रशासनिक प्रक्रियाएं आधुनिक एवं सुसंगत बनेंगी।भारतीय प्रशासनिक ढांचे में जिला स्तरीय इकाई बहुत महत्व रखती है, पर कई कारणों से वे खासी अक्षम बनी हुई हैं। इसमें शक्ति का अति-केंद्रीकरण प्रमुख है, जिसमें ताकत राज्य स्तर पर केंद्रित रहती है। इसमें जिला प्रशासन के पास निर्णय लेने की गुंजाइश सीमित हो जाती है। जबकि कई समाधान स्थानीय स्तर पर ही हो सकते हैं, लेकिन उनके पास इस दिशा में आगे बढ़ने का अधिकार नहीं होता। रही सही कसर वित्तीय से लेकर मानव संसाधनों के अभाव से पूरी हो जाती है। इस कारण आवश्यक सेवाओं और परियोजनाओं को सिरे चढ़ाना आसान नहीं रह जाता। लालफीताशाही और हद से ज्यादा विस्तार वाली प्रशासनिक प्रक्रियाएं बहुत भारी पड़ती हैं। इससे नागरिकों में असंतुष्टि एवं आक्रोश बढ़ता है।जिला स्तर पर विभिन्न विभागों के बीच लचर तालमेल से भी काम में दोहराव और संसाधनों की बर्बादी होती है। कई जिलों में ई-गवर्नेंस को अपना लिया गया है तो तमाम अभी भी पारंपरिक कागजी तौर-तरीकों से संचालित हो रहे हैं, जिनसे सेवाओं के स्तर और प्रभावोत्पादकता पर प्रतिकूल असर पड़ता है। इससे भी बदतर बात यही है कि जिले में सक्रिय प्रशासनिक अमले के पास अक्सर आवश्यक प्रशिक्षण एवं कौशल का भी अभाव होता है, जिससे अक्षम प्रबंधन और गलत निर्णय की स्थिति उत्पन्न होती है।वास्तव में जिला अधिकारी संस्था की भी नए सिरे से संकल्पना की जानी चाहिए। अभी कई मामलों में जिला अधिकारियों को 100 से अधिक जिला स्तरीय समितियों की अध्यक्षता करनी पड़ती है। यह बहुत ज्यादा है। इसीलिए व्यापक प्रशासनिक सुधार आवश्यक हो गए हैं। चूंकि देश में प्रशासनिक सुधार के मोर्चे पर स्वतंत्रता के बाद से अब तक कई आयोग और समितियां बन चुकी हैं, लेकिन अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं हो पाए हैं। इस कारण भविष्य में होने वाले प्रशासनिक सुधार दिखावटी या मामूली स्तर के न होकर ऊंची छलांग लगाने वाले होने चाहिए, जो नए भारत की आकांक्षाओं के साथ बखूबी कदमताल कर प्रशासनिक ढांचे को सक्षम बनाते हुए पारदर्शिता एवं जवाबदेही भी सुनिश्चित कर सकें।

> “ कई विद्वान एवं विश्लेषक समय-समय पर इनकी आवश्यकता बताते रहे हैं। जैसे कि औपनिवेशिक प्रशासनिक अमले की विरासत से उपजी चुनौतियों को लेकर प्रतिष्ठित राजनीति विज्ञानी एवं संविधान विशेषज्ञ ग्रेनविल आस्टिन ने दर्शाया था कि इस प्रणाली में लचीलेपन का अभाव है और यह नागरिकों के अनुसार स्वयं को ढालने और आकार ले रहे सामाजिक परिवर्तनों से ताल मिलाने में अक्षम है। संविधान शिल्पी और सामाजिक न्याय के प्रवर्तक डा. बीआर आंबेडकर ने भी समतामूलक समाज के निर्माण में प्रशासनिक सुधारों की महत्ता को रेखांकित किया था। उनका कहना था कि औपनिवेशिक पूर्वाग्रहों वाला प्रशासनिक ढांचा देश के समक्ष विद्यमान सामाजिक-आर्थिक विषमताओं के समाधान में प्रभावी रूप से उपयोगी नहीं हो सकता।

## खबर संक्षेप

### गोवा में मिली बमबाज गुड्डू मुस्लिम की लोकेशन

**पणजी।** प्रयागराज में दिनदहाड़े हुए उमेश पाल और उनके दो सुरक्षाकर्मियों की हत्या के मामले में



फरार चल रहे पांच लाख के इनामी आरोपी गुड्डू मुस्लिम की लोकेशन गोवा में मिली है। अतीक के गुर्गे गुड्डू मुस्लिम की होटल में ठहरने की आशंका है। प्रयागराज हत्याकांड में उमेश पाल सहित 2 सुरक्षाकर्मियों की हत्या हुई थी। इस हत्याकांड में साबिर और अरमान फरार हैं।

### बागेश्वर बाबा ने फेसबुक को बताया 'फेकबुक'

**नई दिल्ली।** बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहते हैं। उन्होंने



एक ताजा बयान में कहा कि मोबाइल पर एक फेसबुक एप चल रहा है। उसका नाम हमने फेकबुक रखा है। यानी फेंकते रहो। काला आदमी जिसे देखकर अमावस डर जाए, फेसबुक पर फोटो इतनी गोरी करके अपलोड करता है, जैसे अंग्रेज हो। ग्रेटर नोएडा में ये बातें कही।

### जन विश्वास बिल से कैद नहीं अर्थदंड लगेगा

**नई दिल्ली।** जन विश्वास (संशोधन) बिल को केंद्रीय कैबिनेट से बुधवार को संभवता



मंजूरी मिल गई है। बिल में 42 अधिनियमों में 183 प्रावधानों में संशोधन कर छोटी मोटी गड़बड़ियों को अपराध की श्रेणी से हटाने का प्रावधान है। इस बिल में कारावास की सजा को हटाकर अर्थ दंड लगाकर सजा से मुक्त करने के प्रावधान को जोड़ा गया है।

### 'फ्लाइंग रानी' को मिला आकर्षक रैक

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे के अनुसार हीरा समुदाय और पर्यटकों की पसंदीदा ट्रेन, फ्लाइंग रानी



एक्सप्रेस, जो आंशिक रूप से डबल डेकर है, 1906 से मुंबई-सूरत के बीच चलती है को रविवार से आरामदायक और तेज़ एलएचबी रैक मिल गया है। । ट्रेन (12921/12922) को पहले 'वेस्ट कोस्ट की रानी' के रूप में वर्णित किया गया था।

### 20 से अधिक पुरुषों को बना गई 'उल्लू'

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में एक महिला ने करीब 20 पुरुषों के साथ 'फर्जी-शादी' की और उन्हें झांसा देकर भाग गई। यह घटना तब सामने आई जब एक दर्जन से अधिक पुरुषों ने पत्नियों की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस से संपर्क किया और सभी तस्वीरें एक महिला की निकलीं। महिला का अब तक किसी को भी उसके असली नाम, पहचान या पते के बारे में कोई जानकारी नहीं है। महिला स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की बातें बनाकर अस्पताल में भर्ती हो जाती थी।

---

*अजित ने मंत्रियों के साथ शरद पवार से की मुलाकात*

# प्रफुल्ल ने बताया कि हमने पैर पकड़कर आशीर्वाद लिया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में रविवार को एक सियासी हलचल देखने को मिला। महाराष्ट्र विधानसभा का मानसून सत्र शुरू होने से एक दिन पहले रविवार को डिप्टी सीएम अजित पवार, प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल समेत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के सभी बागी नेताओं ने पार्टी के संस्थापक शरद पवार से मुलाकात की है। यह मुलाकात वाईबी चह्वाण सेंटर हुई। मुलाकात के बाद अजित गुट वाली एनसीपी के नेता प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि हमने पैर पकड़कर शरद पवार जी का आशीर्वाद लिया।

### ये भी बोले- एनसीपी साथ रहे और मजबूती से आगे बढ़े

शरद से मुलाकात के बाद प्रफुल्ल पटेल ने मीडिया को बताया कि हमें जानकारी मिली थी कि शरद पवार यहां मौजूद हैं। हम बिना उन्हें सूचित किए यहां आ गए। पटेल ने कहा कि हमने उनसे विनती की कि एनसीपी पार्टी साथ रहे और मजबूती से आगे बढ़े। इस बारे में विचार करें। उन्होंने हमें कोई भी प्रतिक्रिया नहीं दी। हां, उन्होंने शांत होकर हमारी बातें सुनीं। शिंदे सरकार में शामिल होने के बाद शरद पवार और अजित पवार के नेतृत्व वाले गुटों की यह पहली बैठक है।

### आज से विधानसभा का मानसून सत्र होगा शुरू



### 14 जुलाई को भी देखने गए थे

इससे पहले 14 जुलाई को अजित पवार ने एनसीपी संस्थापक शरद पवार से उनके घर पर मुलाकात की थी। बताया जा रहा है कि अजित अपनी चाची प्रतिभा पवार (शरद पवार की पत्नी) से मिलने गए थे। जिन्हें एक सर्जरी के बाद 14 जुलाई को अस्पताल से छुट्टी मिली थी।

### एनसीपी में हो चुके दो धड़े

मालूम हो कि शरद पवार के भतीजे अजित पवार हाल ही में एनसीपी के 8 अन्य विधायकों के साथ महाराष्ट्र की शिवसेना-भाजपा सरकार में शामिल हो गए। इससे पार्टी दो धड़ों में बंट गई। हालांकि शरद पवार ने पार्टी को फिर से खड़ा करने की कवायद शुरू की है।

### 2 जुलाई को अजित बने थे डिप्टी सीएम


2 जुलाई की दोपहर में अजित पवार ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी, जबकि एनसीपी के 8 नेताओं ने मंत्री के तौर पर शपथ ली। शपथ के करीब दो हफ्ते बाद शुक्रवार को अजित पवार को वित्त विभाग का प्रभार दिया गया, जबकि उनका खेमा सहकारिता और कृषि सहित कई दमदार मंत्रालय पाने में सफल रहा।

---

**थाईलैंड में जयशंकर ने की मोदी की तारीफ**

# पीएम मोदी नब्ज पकड़कर उसे नीतियों में बदल देते हैं

◆ बिना विश्राम के चौबीस घंटे काम करते हैं प्रधानमंत्री मोदी



एजेंसी ▶▶ बैंकॉक

विदेश मंत्री जयशंकर ने बैंकॉक में भारतीय समुदाय के लोगों से बात की। उन्होंने इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी की तारीफ की तो वहीं अपने राजनयिक से राजनेता बनने के सफर के बारे में बताया। उन्होंने पीएम की तारीफ करते हुए कहा कि उनमें एक खास बात यह है कि वो कई चीजों की नब्ज पकड़ लेते हैं और उसे नीतियों और कार्यक्रमों में बदल देते हैं। उन्होंने राजनयिक से राजनेता बनने तक की अपनी यात्रा पर कहा कि एक राजनयिक के रूप में हमेशा राजनेताओं के साथ काम किया, लेकिन राजनीति में छुट्टी लिए बगैर काम करने का अलग ही आनंद है। पीएम चौबीस घंटे देश सेवा में जुटे हैं।

### पीएम मोदी जैसा व्यक्ति मिलना देश का सौभाग्य

उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि इस समय पीएम मोदी जैसा व्यक्ति मिलना देश का बहुत बड़ा सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि मैं ऐसा इसलिए नहीं कह रहा हूं क्योंकि वह आज के प्रधानमंत्री हैं और मैं उनके मंत्रिमंडल का सदस्य हूं। मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं क्योंकि जब आपके सामने सदी में एक बार होने वाली स्वास्थ्य चुनौती होती है, तो केवल वही व्यक्ति जो इतना जमीन से जुड़ा हो, कह सकता है कि ठीक है स्वास्थ्य संबंधी चुनौती है, लेकिन घर जाने वाले व्यक्तियों के लिए क्या किया जाएगा, आप उन्हें खिलाने के लिए क्या करेंगे, आप उनके खाते में पैसे कैसे डालेंगे। उन्होंने आगे कहा कि महिलाएं पैसे का बेहतर प्रबंधन करेंगी, यह किसी के मन में नहीं आया होगा।

### भगवान हनुमान सबसे अच्छे राजनयिक

विदेश मंत्री ने कहा कि मेरे अनुसार सभी समय के सर्वश्रेष्ठ राजनयिक भगवान हनुमान हैं। जयशंकर ने पहले लिखी एक किताब पर पूछे एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि मैं अपने राजनयिक करियर और राजनीति में प्रवेश के बीच के अंतराल वर्ष के दौरान उपयोगी रूप से कार्यरत था। मैंने उस समय एक किताब लिखी थी कि कैसे महाभारत अंतरराष्ट्रीय राजनीति से निपटने के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में काम कर सकता है। उन्होंने कहा कि महाभारत शासन कला की तरह है। हालांकि, अगर आप रामायण देखें और अगर आप मुझसे पूछें कि मेरे हिसाब से सबसे अच्छा राजनयिक कौन है, तो मेरा जवाब भगवान हनुमान के सिवा और कोई नहीं होगा।

---

**मोदी ने यात्रा के मुख्य अंशों वाला एक वीडियो ट्विटर पर शेयर किया**

# वैश्विक भलाई को आगे बढ़ाने के लिए भारत और यूएई मिलकर काम करते रहेंगे: पीएम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की अपनी आधिकारिक यात्रा के समापन पर कहा कि दोनों देश वैश्विक भलाई के लिए मिलकर काम करना जारी रखेंगे। पीएम मोदी ने अपनी यात्रा के मुख्य अंशों वाला एक वीडियो ट्विटर पर शेयर किया है। वीडियो में उन्हें यूएई में महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भाग लेते हुए दिखाया गया है। पीएम मोदी ने लिखा, 'भारत और यूएई वैश्विक भलाई को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करते रहेंगे! यहां कल के मुख्य अंश हैं। 15 जुलाई को प्रधानमंत्री मोदी अपनी फ्रांस और यूएई यात्रा सफलतापूर्वक पूरी करने के बाद दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे। पीएम मोदी ने ट्वीट किया, एक उपयोगी यूएई यात्रा का समापन। हमारे देश, हमारे ग्रह को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कई मुद्दों पर एक साथ काम कर रहे हैं। मैं गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए महामहिम शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान को धन्यवाद देता हूं।

**खास बातें**

- वीडियो में यूएई में महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भाग लेते हुए दिखाया
- आतिथ्य के लिए महामहिम नाहयान को धन्यवाद दिया

> पीएम मोदी ने ट्वीट किया, एक उपयोगी यूएई यात्रा का समापन। हमारे देश, हमारे ग्रह को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कई मुद्दों पर एक साथ काम कर रहे हैं।

### अबू धाबी के क्राउन प्रिंस ने पीएम का स्वागत किया



### यात्रा छोटी लेकिन बहुत महत्वपूर्ण

पीएम मोदी की यात्रा को लेकर विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने कहा कि यह यात्रा छोटी लेकिन बहुत महत्वपूर्ण है, जो भारत और यूएई के बीच साझेदारी में एक मील का पत्थर है। पीएम मोदी की यूएई यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए क्वात्रा ने कहा कि पीएम मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ व्यापक चर्चा की। इस यात्रा को दोस्ती और यूएई के साथ हुए समझौते को लेकर उन्होंने कहा कि इसके परिणाम अच्छे होंगे।

### यह यात्रा दोनों देशों के लिए नए रास्ते खोलेगी

#### गगनचुंबी इमारत ने उनकी तस्वीर भी प्रदर्शित

अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद ने पीएम मोदी का स्वागत करते हुए कहा था कि यह यात्रा दोनों देशों के लिए नए रास्ते खोलेगी। अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की। इसके अलावा, सीओपी28 के मनोनीत अध्यक्ष, सुल्तान बिन अहमद अल जाबेर ने भी पीएम मोदी से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने व्यापक मुद्दों पर चर्चा की। पीएम मोदी ने यूएई को सीओपी 28 की अध्यक्षता के लिए भी भारत के समर्थन का आश्वासन दिया। मोदी का यूएई में भव्य स्वागत किया गया, जहां प्रतिष्ठित बुर्ज खलीफा को भारतीय ध्वज के रंगों से रोशन किया गया। बुर्ज में लाइट-एंड-साउंड शो के एक भाग के रूप में, पीएम की यात्रा पर खाड़ी देश में आगमन के लिए मंच तैयार करते हुए, गगनचुंबी इमारत ने उनकी तस्वीर भी प्रदर्शित की, और एक पाठ पढ़ा गया, 'आपका स्वागत है माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।'

---

**सोनीपत में राहुल ने साथ में रोपी थी धान**

# धान रोपने वाली महिलाओं संग सोनिया ने किया डांस और लंच

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कुछ दिन पूर्व कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने खेतों में धान रोपा था। अब सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कांग्रेस सुप्रीमो सोनिया गांधी कुछ महिलाओं के साथ डांस कर रही हैं।



ये वही महिलाएं हैं, जिनके साथ राहुल गांधी ने खेतों में धान रोपा था। सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने इन महिलाओं को घर पर आमंत्रित किया और उनके साथ लंच भी किया। वीडियो में साफ दिख रहा है कि वे महिलाओं संग लंच भी कर रही हैं।

### राहुल ने वीडियो शेयर किया

रविवार सुबह ही राहुल ने ट्विटर पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमे वे खेत में धान रोप रहे हैं। उनके साथ कई किसान भी नजर आ रहे हैं। राहुल ने ट्वीट कर लिखा कि धान की रोपाई, मंजी पर रोटी- किसान हैं भारत की ताकत। सोनीपत, हरियाणा में मेरी मुलाकात दो किसान संजय मलिक और तसबीर कुमार से हुई। वो बचपन के जिगरी दोस्त हैं, जो कई सालों से एक साथ किसानी कर रहे हैं। उनके साथ मिल कर खेतों में हाथ बटाया, धान बोया, ट्रैक्टर चलाया और बातें की।

---

### गंगा घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़



**वाराणसी।** रविवार को वाराणसी में पवित्र श्रावण माह के दौरान स्नान करने के लिए गंगा घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

---

**आप सांसद राघव ने किया साफ**

# दिल्ली पर केंद्र के अध्यादेश का अब विरोध करेगी कांग्रेस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ कांग्रेस आम आदमी पार्टी का साथ देने के लिए तैयार हो गई है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने स्पष्ट रूप से केंद्र सरकार के अध्यादेश का विरोध करने की बात कही है। आप सांसद राघव चड्ढा ने ट्वीट कर कहा कि कांग्रेस ने दिल्ली अध्यादेश का स्पष्ट विरोध करने की घोषणा की है। यह एक सकारात्मक विकास है। अब माना जा रहा है कि आप बेंगलुरु में होने वाली विपक्षी दलों की बैठक में शामिल हो सकती है।



इससे पहले आप ने रविवार शाम चार बजे राजनीतिक मामलों की समिति (पीएसी) की बैठक भी की। पंजाब के सीएम भगवंत मान भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक में शामिल हुए।

### वेणुगोपाल ने दिया संकेत

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि हम दिल्ली में केंद्र के अध्यादेश का विरोध करेंगे। हमारा रुख बहुत स्पष्ट है, हम दिल्ली अध्यादेश का समर्थन नहीं करने जा रहे हैं। सोमवार को विपक्ष की बैठक बेंगलुरु में होने वाली हैं और इस बैठक में शायद केजरीवाल शामिल होंगे।

---

**जयपुर में नड्डा ने की 'नहीं सहेगा राजस्थान' कैंपेन की शुरुआत**

# यूपीए मतलब- 'यू' उत्पीड़न, 'पी' पक्षपात और 'ए' अत्याचार

एजेंसी ▶▶ जयपुर

जेपी नड्डा ने जयपुर में गहलोत को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार करने की खुली छूट है । गहलोत सरकार महिलाओं, दलित, पिछड़े सब पर अत्याचार कर रही है। नड्डा ने बटन दबाकर 'नहीं सहेगा राजस्थान' अभियान की शुरुआत की। नड्डा ने संबोधन की शुरुआत वीरों की भूमि को नमन करके की। उन्होंने कहा कि मैं जयपुर में आया हूं तो मोती डूंगरी गणेश मंदिर हमारे गणेश जी को, गोविंद देव जी, गलता माता जी को भी नमन करता हूं। हमारे वीरों की भूमि शौर्य की भूमि, तपस्या को भी नमन करता हूं।



### वोटबैंक की राजनीति कर रही कांग्रेस

राहुल गांधी बोलते थे 12345 और किसानों का कर्जा माफ किया। 19500 की भूमि को कुर्क किया। दलितों पर 8000 से ज्यादा मुकदमे 2022 में दर्ज हुए हैं। शरणार्थियों के साथ वोटबैंक की राजनीति को गहलोत सरकार कर रही है।

### ये घर को लूटने वाली सरकार

उन्होंने कहा कि मित्रो, भाजपा को यह इसलिए 'नहीं सहेगा राजस्थान' करना पड़ा क्योंकि ये गहलोत की सरकार नहीं है, ये घर को लूटने वाली सरकार है, जो आज राजस्थान में है। दिल्ली को पैसा भेजना, गरीबों के पैकेज का हिस्सा उड़ाना, सरेआम भ्रष्टाचार को प्रस्तावित करना, भ्रष्टाचार के नए रिकॉर्ड बनाना, यह गहलोत सरकार का काम करने का चाल चरित्र है। यह सरकार लूट लेने वाली सरकार है। यह सरकार अत्याचार करने वाली सरकार है।

### गहलोत सरकार ने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड बनाए

उन्होंने कहा कि राजस्थान में पांच साल के रिकॉर्ड है कि गहलोत सरकार ने कुशासन के झंडे जलाने का काम किया है। भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड गहलोत सरकार ने बनाया। साथ ही दलितों पर अत्याचार या महिलाओं पर अत्याचार हो, आदिवासियों पर अत्याचार, बच्चों पर अत्याचार, सभी में राजस्थान में सारे रिकॉर्ड तोड़ने का काम किया है। इसलिए हमने तय किया है 'नहीं सहेगा राजस्थान' पर कैंपेन चला कर दो करोड़ लोगों तक पहुंचाने का काम करेंगे। हर पंचायत में जाएंगे। हर ढाणी में जाएंगे। जनता को पार्टी का संदेश पहुंचाएंगे और भ्रष्टाचार मुक्त और विकास युक्त सरकार लाएंगे। इसी बात को लेकर हम आगे चलेंगे मित्रों। यह यूपीए है क्या 'यू' का मतलब उत्पीड़न करने वाली, 'पी' का मतलब है पक्षपात और 'ए' का मतलब है अत्याचार करने वाली सरकार।

---

*जी-20 की बैठक में बोलीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण*

# अब विकासशील देशों की दृष्टि से आगे बढ़ेगा 'ग्लोबल एजेंडा'

एजेंसी ▶▶ गांधीनगर

गुजरात के गांधीनगर में जी- 20 के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों की तीसरी बैठक की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जी- 20 के तहत भारत ग्लोबल एजेंडा को विकासशील देशों की दृष्टि से बढ़ाएगा। इस दौरान उन्होंने एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक के प्रमुख से भी मुलाकात कीं। भारत मौजूदा समय में जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है। सीतारमण ने कहा कि मुझे लगता है कि यह डायलॉग वैश्विक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता में योगदान करते हुए भारत और दक्षिण पूर्व एशिया के बीच कॉरपोरेशन को बेहतर करेगा। इस दौरान सीतारमण ने कहा कि भारत और इंडोनेशिया की अर्थव्यवस्था दुनिया की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हैं। हम जी-20, डब्लूटीओ और ईस्ट एशिया सबमिट का हिस्सा है। भारत ने जी-



- भारत और इंडोनेशिया की अर्थव्यवस्था में समानताएं
- सीतारण ने एआईआईबी अध्यक्ष जिन लिकुन से मुलाकात की

### एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक को दी सलाह

सीतारमण की ओर से एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक को सुझाव दिया गया कि सदस्य देशों की इंफ्रास्ट्रक्चर आवश्यकता को देखते हुए फाइनेंस के इनोवेटिव तरीकों को उपयोग करना चाहिए। सीतारण बैंक अध्यक्ष के साथ कई मुद्दों पर बातचीत भी की।

#### सीमावर्ती राज्यों में भारतीय परियोजनाओं की मंजूरी पर भी चर्चा

सीतारमण ने उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और भारत के अन्य सीमावर्ती राज्यों में भारतीय परियोजनाओं की मंजूरी पर भी चर्चा की।

# केंद्रीय मंत्री सिंह ने किया बाढ़ग्रस्त गांवों का दौरा, पीड़ितों को वितरित की राहत सामग्री

गाजियाबाद

सांसद एवं केंद्रीय सड़क परिवहन, राजमार्ग एवं नागर विमानन राज्यमंत्री जनरल डॉ. वीके सिंह ने रविवार को लोनी विधानसभा में बाढ़ आपदा से ग्रस्त क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामवासियों से वार्ता की और उन्हें राहत सामग्री भी वितरित की। बीते दिनों यमुना में पढ़ते जलस्तर के कारण गाजियाबाद संसदीय क्षेत्र की लोनी विधानसभा क्षेत्र में बांध टूटने के कारण सीमावर्ती इलाकों में पानी भर गया था, जिसके कारण कई गांव उसकी चपेट में आए थे। इसके बाद केंद्रीय मंत्री सक्रिय होकर शासन व प्रशासन के अधिकारियों से वार्ता कर बांध की मरम्मत और क्षेत्रवासियों के सहयोग के लिए अनेकों ठोस कदम उठाए। जिससे क्षेत्र के लोगों को राहत पहुंचाई जाए। सिंह ने स्वयं हेलीकॉप्टर से पूरे क्षेत्र का निरीक्षण किया और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी तरह की समस्या क्षेत्रवासियों को नहीं होनी चाहिए। उसी दिन से लगातार क्षेत्रीय लोगों संपर्क बनाकर उनसे हालातों की समीक्षा भी कर रहे हैं और हर तरह की मदद के लिए माननीय सांसद जी तैयार हैं। रविवार को राहत सामग्री पहुंचा कर ग्रामवासियों को आश्वस्त किया कि हर परिस्थिति में मैं आपके साथ खड़ा हूं। किसी भी तरह की आपको कोई समस्या नहीं होने दूंगा और जल्द से जल्द इस समस्या समाधान भी पूरा होगा। पहले की तरह अपने गांव, अपने घर, अपने रास्ते पर चल सकेंगे।

राजमार्ग एवं नागर विमानन राज्यमंत्री जनरल डॉ. वीके सिंह ने ग्रामवासियों को आश्वस्त किया कि हर परिस्थिति में मैं आपके साथ खड़ा हूं। किसी भी तरह की आपको कोई समस्या नहीं होने दूंगा और जल्द से जल्द इस समस्या समाधान भी पूरा होगा। पहले की तरह अपने गांव, अपने घर, अपने रास्ते पर चल सकेंगे।

**खास बातें**
- अफसरों से कहा समस्या का हो तत्काल समाधान
- बाढ़ चपेट में लोनी के गांव

**जल्द पूरा हो जाएगा बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का काम, लोग घरों में वापस लौटेंगे**



बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों के निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी व्यक्ति को कोई भी समस्या होगी तो तत्काल उसका समाधान किया जाए। इस निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह प्रशासन के अधिकारी एवं क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### 10 पौधे गोद लेकर पोषण करें: गोयल

**गुरुग्राम।** सेक्टर-12 से पर्यावरण संरक्षण की जंग नवीन भाई के संग विषय पर पौधारोपण समारोह का



आयोजन किया गया। समारोह में पहुंचे अतिथियों व सभी सदस्यों ने पौधारोपण कर अभियान को जारी रखने की बात कही। कार्यक्रम में कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल, सेक्टर-12 आरडब्ल्यूए के प्रधान अशोक सैनी, महासचिव गजराज सिंह यादव सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### एफ ब्लॉक ने फलदार व छायादार पौधे लगाए

**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद के बीपीटीपी आरडब्लूए-एफ ब्लॉक सेक्टर-88 ने लगभग डेढ़ 100



छायादार-फलदार पौधे लगाकर प्राणवायु को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने की कोशिश की। इसमें प्रेसिडेंट अजीत यादव, वाइस प्रेसिडेंट रविंद्र चौधरी, कुलजीत मेहरा, कुलप्रीत साहनी, जेपी शर्मा, सुधीर दुबे, धर्मेश यादव, जयचंद अग्रवाल व नारी शक्ति स्वाति यादव आदि ने भाग लिया।

### 6 पेटी शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच 56 प्रभारी सुंदर सिंह अवैध शराब तस्करी के मुकदमें में एक आरोपी को गिरफ्तार



किया है। जिसका नाम विजय है। आरोपी अपनी परचून की दुकान के बाहर अवैध शराब बेच रहा था। उसकेकब्जे से 5 पेटी अवैध देसी शराब मस्ताना तथा 14 बोतल अंग्रेजी शराब ब्लू मूड बरामद की गई। शराब अधिनियम की धाराओं मुकदमा दर्ज कर पूछताछ शुरू की।

### 5 लाख की ज्वैलरी व नगदी से भरा बैग चोरी

**गुरुग्राम।** सेक्टर 17-18 थाना एरिया में शादी समारोह से पांच लाख की ज्वैलरी व नगदी से भरा



बैग चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने बैंक्वेट हॉल के संचालक को जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। मधु नागपाल ने कहा कि उसके बेटे विनीत की शादी थी। आरोप है कि मधु रात सोफे पर बैठी जयमाला देख रही थी। वहीं उसके पास जेवरात व नगदी से भरा बैग था।

### गिफ्ट भेजने के नाम पर 10 लाख का चूना

**गुरुग्राम।** साइबर थाना वेस्ट एरिया में इंस्टाग्राम फ्रेंड द्वारा गिफ्ट भेजने के नाम पर युवती को 10 लाख



रुपए की चपत लगाने का मामला सामने आया है। इंस्टाग्राम पर आरोपी युवक ने खुद को पायॅलट बताया था। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रितिका ने बताया कि इंस्टाग्राम पर उसकी दोस्ती धुरव नामक युवक से हुई थी। जिसने खुद को पॉयलट बताया था।

### गारंटेड रिटर्न के नाम पर लगाई लाखों की चपत

**गुरुग्राम।** साइबर थाना मानेसर एरिया में पार्ट टाईम ऑनलाईन वर्क देकर गारंटेड रिटर्न के नाम पर



युवक को करीब 27 लाख रुपए की चपत लगाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। प्रनीत सिंह ने कहा कि उसके व्हाट्सएप पर एक मैसेज आया। जिसमें उन्हें पार्ट टाइम ऑनलाइन वर्क देकर एश्योर्ड रिटर्न देने की बात कही गई थी।

## सामुदायिक भवन मेवला महाराजपुर का शिलान्यास

# जब तक नियत नहीं होगी तब तक कोई काम पूरा नहीं होगा: गुर्जर

फरीदाबाद

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने और विधायक सीमा त्रिखा ने सामुदायिक भवन मेवला महाराजपुर का शिलान्यास किया। जिसका निर्माण लगभग सात करोड़ बीस लाख रुपए की

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि काम करने की नियत होनी चाहिए नियत नहीं होगी तो कोई काम किसी भी क्षेत्र में कोई नहीं कर सकता। भारत सरकार के ऊर्जा एवं भारी उद्योग विभाग के केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने और विधायक सीमा त्रिखा ने सामुदायिक भवन मेवला महाराजपुर का शिलान्यास किया। जिसका निर्माण लगभग सात करोड़ बीस लाख रुपए की राशि से किया जाएगा।

केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने बताया कि मेवला महाराजपुर में ढाई एकड़ में बारात घर का शिलान्यास किया है। पहले इसमें 40 गुणा 60 साइज के हॉल बनने थे लेकिन अब इसकी ड्राइंग बदल कर 60 गुणा 120 साइज के हॉल बनाए जाएंगे और यह बारात घर पूरी तरह वातानुकूलित होगा। यह हरियाणा का सबसे पहला और बड़ा बारात घर जिला फरीदाबाद के मेवला महाराजपुर में बनेगा। अभी तक फरीदाबाद के सेक्टर-64 में साढ़े तीन करोड़ की लागत से बारात घर बना है और इसकी लागत तकरीबन साथ करोड़ बीस लाख रुपए आएगी। 2014 से पहले और आज का मेवला महाराजपुर देख लो फर्क साफ दिखाए देगा।

**वातानुकूलित 60 गुणा 120 साइज के हॉल बनाए जाएंगे**

**बिना भेदभाव भलाई के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाए जा रहे**

**भाजपा सरकार में बिजली,पानी,सड़क,अस्पताल सब दुरुस्त**



हरियाणा की भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने यहां लोगों की समस्याओं का समाधान किया। हमे यहां सीवर, पानी की लाइन, सीमेंटेड सड़कें, अस्पताल, अंडरपास, रेलवे फाटक पर एलिवेटेड फुटओवर ब्रिज और अब बारात घर का जल्द निर्माण करवा रहे है।

**2200 करोड़ में ड्रेनेज सिस्टम**

नहर पार के 24 गांवो के जो काम सीवर और पानी की लाइन के रह गए थे उसे भी जल्द पूरा करवा दिया जाएगा। सभी गांवों में सीवर व पानी की लाइन डाली जाएगी। फरीदाबाद जिला में ड्रेनेज की समस्या को देखते हुए अमृत-2 योजना में बाइस सौ करोड़ रुपये की लागत से पूरे फरीदाबाद के ड्रेनेज सिस्टम को बदलकर नया ड्रेनेज सिस्टम बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश को नई दिशा मिली है।

**2027 में होगा भारत बड़ी आर्थिक शक्ति**

भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन गया है और 2027 में दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति होगा। पहले 12 किमी हाईवे रोज बनते थे, आज 37 किमी हाईवे बनता है। जिस शहर की कनेक्टिविटी अच्छी नहीं होगी वहां कभी सम्पन्नता नहीं आ सकती। पहले दिल्ली-वडोदरा-मुंबई एक्सप्रेसवे की कनेक्टिविटी गुरुग्राम से थी हमने इसको कैली गांव से कनेक्ट करवाया। आने वाले समय में यूपी, उत्तरांचल, जम्मू कश्मीर, हिमाचल, पंजाब पूर्वी दिल्ली व हरियाणा तक सड़कों का विस्तार होगा।



# बेहतर खेल नीति की बदौलत हरियाणा के छोरे ला रहे गोल्ड: मूलचंद शर्मा

## पार्थ को स्टेट बैडमिंटन में मिला गोल्ड

फरीदाबाद

कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि हरियाणा के छोरे खेलों में गोल्ड मेडल ला रहे हैं सरकार की बेहतर खेल नीति की बदौलत से ही ला रहे हैं। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने यह बात स्थानीय सेक्टर-3 निवासी राजेंद्र के भतीजे खिलाड़ी पार्थ को अंडर 14 में स्टेट बैडमिंटन प्रतियोगिता में दो गोल्ड मेडल लेने पर सम्मानित करते हुए कही।परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा आज देश में हरियाणा सरकार के बेहतर खेल पॉलिसी की बदौलत ही प्रदेश में खिलाड़ी खेलों में मेडल जीत कर अपना अपने माता-पिता और कुटुंब तथा शैक्षणिक संस्थानों का नाम रोशन विश्व में कर रहे हैं। हरियाणा सरकार भी आजादी के अमृत काल में खिलाडिय़ों को खेलों

**पैतृक गांव में भगवान भोलेनाथ की पूजा की**

परिवहन मंत्री अपने पैतृक गांव सद्पुरा पहुंचे और भगवान भोलेनाथ मंदिर पर पहुंचकर पूजा अर्चना की। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने पूजा अर्चना करते हुए सभी प्रदेश वासियों को शिवरात्रि पर्व की बधाई दी। इस मौके पर समस्त ग्रामीण और गणमान्य लोग मौजूद रहे। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने इस मौके पर गांव की बुजुर्ग माता और बहनों से आशीर्वाद लिया। साथ ही उन्होंने गांव की जोहड़ का भी निरीक्षण किया। जहां परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने जानकारी दी है कि जल्द ही गांव की इस जोहड़ का सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। ताकि जोहड़ का ओवरफ्लो पानी गांव में न घुसे और गांव वालों को कोई परेशानी न आए।

## दो बार आंदोलन के सरकार ने जारी किया फंड



# प्याली-हार्डवेयर सड़क पूरा होने पर भण्डारे का आयोजन

फरीदाबाद

प्याली-हार्डवेयर सड़क निर्माण संघर्ष समिति द्वारा सड़क निर्माण कार्य पूरा होने पर आन्दोलन स्थल प्याली चौक पर एक भण्डारे का आयोजन किया। इसमें अनशनकारी बाबा रामकेवल अभिषेक गोस्वामी, नरेश शर्मा, राकेश उर्फ रक्कू प्रधान, वरूण श्योकंद, प्रीतपाल माटा, नरेश सलूजा उर्फ काले प्रधान, प्रमोद भड़ाना, राजू बैंसला ने भण्डारा वितरण किया। बाबा रामकेवल ने कहा कि क्रमशः 36 दिन व 13 दिन के आन्दोलन के बाद सरकार ने सड़क निर्माण का फंड जारी किया।

**कई नेताओं ने की शिरकत**

भण्डारे में वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुमित गौड़, पराग शर्मा, अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेन्द्र शर्मा बबली, आप नेता धर्मवीर भड़ाना, राजकुमार खरवार, संतोष यादव, यशवंत मौर्य, अंजार अहमद, जसवंत पवार, महेश हिंदू, बलजीत कौशिक, जितेन्द्र चंदेलिया, विकास फागना, रिंकू चंदीला, श्रवण महेश्वरी, हरजिंदर मेहंदीरत्ता, मनमीत कौर, चीकू सिंह, परमिता चौधरी, अनीश खान, संतोष बृजवासी, अवधेश ओझा, आप नेता रविंद्र फौजदार, जिले सिंह, मेहर चंद हरसाना, मिशन जागृति के संस्थापक अध्यक्ष प्रवेश मलिक एवं टीम सहित अन्य लोगों ने शिरकत की।

## गाजियाबाद :वसुंधरा जोन में चौपाल



# नगर आयुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं,किया वृक्षारोपण

गाजियाबाद

नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौर ने वसुंधरा जोन में जन चौपाल लगाई और नागरिक नागरिकों की समस्याएं सुनी कई समस्याओं का उन्होंने मौके पर निस्तारण कराया इसके बाद पौधारोपण भी किया।वार्ड संख्या 21 सीमांत विहार टंकी वाले पार्क में जन चौपाल का आयोजन किया गया ।जिसमें नगर आयुक्त ने उपस्थित होकर क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुना, सीमांत विहार व अन्य क्षेत्रों के निवासियों ने पार्कों की व्यवस्था को सुदृढ़ करने, वाटर हार्वेस्टिंग लगवाने, तथा खेल के मैदान के लिए मांग की ।

**निरीक्षण भी किया**

साथ ही गाजियाबाद नगर निगम द्वारा दी जा रही सुविधाओं के लिए धन्यवाद भी दिया। सीमांत विहार में मुख्य रूप से वीके जिंदल ने गाजियाबाद नगर निगम के कार्यों की प्रशंसा की । मौके पर मा लियों तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम का स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित जनों की समस्याओं को सुनने के बाद क्षेत्र का निरीक्षण भी किया गया उसके बाद टंकी वाले पार्क में पौधारोपण का शुभारंभ नगर आयुक्त ने किया। जिसके साथ साथ अन्य उपस्थित जनों ने भी पौधे लगाए पौधारोपण के लिए नगर आयुक्त द्वारा क्षेत्रवासियों को उत्साहित किया गया।

## लोगों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

# पीड़ितों की आवाज मुख्यमंत्री तक पहुंचाऊंगा: नागर

फरीदाबाद

यमुना जलभराव के पीड़ितों ने विधायक राजेश नागर मुलाकात कर अपना ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने तुरंत राहत देने की मांग की। विधायक श्री नागर ने उन्हें ढांढस बंधाया और आश्वासन दिया कि वह उनकी आवाज को मुख्यमंत्री मनोहर लाल तक अवश्य ही पहुंचाएंगे और अधिकाधिक राहत उन्हें मिलेगी।

बसंतपुर कॉलोनी से आए इन लोगों ने विधायक राजेश नागर को बताया कि यमुना में आए जलसैलाब के कारण उनका काफी नुकसान हुआ है जिससे सरकार ही उन्हें राहत दे सकती है। उनके घर पानी में डूब गए हैं। घरों में पानी भरने से लकड़ी और इलैक्ट्रॉनिक समेत कपडों का भी भारी नुकसान हुआ है। उनके बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं, जिससे उनकी पढ़ाई का भी नुकसान हो रहा है। इससे उन्हें तुरंत ही राहत दिलवाई जाए। जिससे कि उनका जीवन सहजता की ओर बढ़ सके। फिलहाल वह लोग प्रशासन द्वारा बनाए राहत कैंपों में किसी प्रकार गुजारा कर रहे हैं।



**भारी बारिश से आम जनजीवन प्रभावित**

विधायक राजेश नागर द्वारा बसंतपुर कॉलोनी में जलभराव की स्थिति का मुआयना करने के दौरान इन लोगों से मुलाकात की थी। जिसके बाद वह इन्हें ज्ञापन देने भतौला निवास पहुंचे थे।विधायक राजेश नागर ने कहा कि इस बार भारी बारिश के कारण आम जनजीवन पर काफी प्रभाव हुआ है। शासन-प्रशासन ने जलप्रबंधन के काफी प्रयास किए हैं लेकिन प्राकृतिक जल बहाव अधिक होने से लोगों को दिक्कतें हुई हैं। विधायक ने कहा कि वह मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष लोगों की समस्या को रखेंगे और उन्हें जल्द से जल्द एवं अधिकाधिक मुआवजा दिलवाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि वह पानी का खतरा पूरी तरह से टल जाने और प्रशासन द्वारा इजाजत मिलने पर ही अपने घरों की ओर रुख करें। मौके पर संजय चौधरी फौजी, निजाम अहमद, सौन्दर्य झा, उमाशंकर सिंह, रीमा सिंह, रीता सिंह, सरोज, संजय, विकास आदि मौजूद रहे।

# हर उम्र के लिए बजरिया गुरुद्वारे में कीर्तन व गुरबाणी मुकाबला आयोजित

गाजियाबाद

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा ने रेलवे रोड बजरिया पर कीर्तन और गुरबाणी कीर्तन मुकाबला कविता कंपटीशन आयोजन किया। पिछले कई दिनों से 4 साल के बच्चे से लेकर हर उम्र के यूथ बच्चे और स्त्री सत्संग की माताएं और बहनें रिहर्सल में लगी हुई थी जिसका आज कंपटीशन गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में किया गया । कंपटीशन में भागीदारी करने वाली टीम ने कुछ ने सिख धर्म के इतिहास को कविता के रूप में गाया। कुछ ने कीर्तन किया । पूरी टीम के साथ गाजियाबाद के हर गुरुद्वारे से अलग-अलग ग्रुप में भागीदारी करने के लिए टीम आई थी जो पिछले कई दिन से अपने-अपने गुरुद्वारों में रोशन कर रही थी। इस कंपटीशन को लाइव कई यूट्यूब



चैनल पर दिखाया गया है अब डिसीजन करने। के लिए जजों की एक टीम बैठेगी जो रिकॉर्ड करें के कार्यक्रम को सुनेंगे और फिर फाइनल करेंगे कौन पहले नंबर पर रहा कौन दूसरे नंबर पर और कौन तीसरे नंबर पर प्रथम आने वाले को 11000 /_का इनाम आयोजकों के द्वारा दिया जाएगा दूसरा नाम 5100/_सो रुपए का है और तीसरा 3100/_ का जल्दी जजमेंट करके इस इनाम की घोषणा इनाम पाने वाले के नाम के साथ कर दी जाएगी।

कार्यक्रम में मुख्य सहयोग गुरुद्वारे में चेयरमैन सरदार हरमीत सिंह महामंत्री एसपी सिंह ओबरॉय प्रधान सरदार इंदरजीत सिंह टीटू वीर खालसा दल के मुखिया कुलविंदर सिंह ओबरॉय जगमोहन कपूर आरपी सिंह रितेश कसाना आदि रहे।

## सेक्सटार्शन में सीए को फंसाकर दस लाख वसूले

# सीए को प्रॉपर्टी देखने के बहाने गुरुग्राम बुलाकर बनाई आपत्तिजनक वीडियो

गुरुग्राम

डीएलएफ थाना एरिया में एक सीए को प्रॉपर्टी देखने के बहाने गुरुग्राम बुलाकर सेक्सटॉर्शन में फंसाकर दस लाख रुपए वसूलने का मामला सामने आया है। आरोपियों में एक पुलिसकर्मी भी शामिल है, जिसने सीए को गिरफ्तारी का डर दिखाया। सीए को उसकी आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी।पुलिस को दी शिकायत में हरियाणा के बहादुरगढ़ निवासी युवक ने बताया कि वे पेशे से सीए हैं। उन्हें गुरुग्राम में भी अपने कारोबार के लिए ऑफिस की आवश्यकता थी। जिसके लिए उन्होंने ऑनलाइन प्रॉपर्टी सर्च किया। जिसके बाद उन्हें व्हाट्सएप पर एक प्रॉपर्टी डीलर शिवम ने संपर्क करते हुए 29 मई को एमजी रोड मेट्रो स्टेशन बुलाया।



**फ्लैट में निर्वस्त्र पाए गए थे**

बारिश होने के कारण पहले उन्होंने मना कर दिया, लेकिन कई बार फोन करने के बाद वे गुरुग्राम आ गए। मेट्रो स्टेशन से शिवम उन्हें अपने साथ कार में बैठाकर ले गया। रास्ते में शिवम ने उन्हें कुछ सुंघा दिया जिसके बाद वे होश खोने लगे। कुछ देर बाद वे बेहोश हो गए, उन्हें जब होश आया तो वह एक फ्लैट में निर्वस्त्र थे। इसके बाद दो युवक आए और उनके साथ मारपीट करने लगे। वहीं कुछ ही देर बाद शिवम आकर बोला कि उसने सीए की आपत्तिजनक वीडियो

**धमकी देकर लाखों रुपए करवाए ट्रांसफर**

आरोप है कि सीए से मारपीट के बाद उनके मोबाइल का लॉक खुलवाया और उसके नजदीकियों के मोबाइल नंबर ले लिए। इन नंबर पर उसकी आपत्तिजनक वीडियो को भेजने की धमकी देकर उससे लाखों रुपए ट्रांसफर कराए गए। रुपए देने के बाद शिवम ने अगले दिन उन्हें फोन करके कहा कि उनके पिता सिकंदर थाने में शिकायत देने जा रहे हैं। जिस फ्लैट में वह था उसमें से सामान गायब है।

## सार समाचार

## सीमा क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से जन जागृति जरूरी– खत्री



### सीमाजन कल्याण समिति की जिला बैठक सम्पन्न, 30 जुलाई को नाचना में आयोजित होगा अभ्यास वर्ग

बाप/कविकान्त खत्री/चमकता राजस्थान

सीमाजन कल्याण समिति फलौदी जिले की बैठक रविवार को फलौदी में आयोजित हुई। सीमाजन कल्याण समिति के जिला मंत्री संतोष पालीवाल ने बताया की पोकरण, बाप, नाचना व फलौदी तहसील के कार्यकर्ताओं ने इस बैठक में भाग लिया। संगठन मंत्री वासुदेव ने बताया की आगामी 30 जुलाई को नाचना में जिले का अभ्यास वर्ग आयोजित होगा। इस वर्ग में शक्ति केंद्र संयोजक, तहसील व जिला कार्यकरणी के सदस्य भाग लेंगे।बैठक समापन सत्र में बोलते हुए सीमाजन कल्याण समिति फलौदी के जिला अध्यक्ष अखेराज खत्री ने कहा की सीमा क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से आमजन में जागृति आवश्यक है।सज्जन शक्ति को संगठित कर समाज व राष्ट्र की मजबूती के लिए एक विचार क्रांति लाने की आवश्यकता है। विधर्मी, देश द्रोही ताकते सक्रिय होकर राजनेतिक संरक्षण से हमारे बोर्डर क्षेत्र की भूमि हथिया रही है, यह चिंता की बात है। आगामी दिनों में गोचर, ओरण मुक्ति के लिए जन जागरण चलाया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण के लिए हर घर एक पौधा अभियान चलाकर पौधा रोपण कार्यक्रम होंगे। पर्यावरण जन चेतना का रथ आगामी दिनों में प्रत्येक पंचायत तक पहुचेगा, जिसमे समिति पूरा सहयोग करेगी। शक्ति केंद्र ओर मजबूत बने, इसके लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है। इस मौके श्रीराम राइका नोख, चंदन सिंह पोकरण, रमेश सोलंकी नोख, मांगीलाल सियाक़ बाप, अम्बालाल पालीवाल फलौदी, आवड़ दान, हर्षवर्धन सिंह, राजेन्द्र चाण्डक नाचना, गजेंद्र सिंह, राजेंदर पालीवाल आदि उपस्थित थे।

## बिश्नोई धर्मशाला के निर्माण हेतु डारा ने की सवा करोड़ रुपए देने की घोषणा



बाप/कविकान्त खत्री/चमकता राजस्थान

श्री गुरु जंभेश्वर महाराज चेरिटेबल ट्रस्ट बीकानेर के तत्वाधान में सोढाला जयपुर में निर्माणाधीन बिश्नोई धर्मशाला के निर्माण हेतु गुरु जंभेश्वर सेवा संस्थान जोधपुर के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व जिला परिषद सदस्य डॉ पप्पूराम डारा द्वारा 1 करोड़ 25 लाख रुपए देने की घोषणा की गई। रविवार को बीकानेर में आयोजित एक समारोह में डारा ने बिश्नोई धर्मशाला के निर्माण हेतु सवा करोड़ रुपये देने की घोषणा की। आपको बता दे की फलोदी विधानसभा क्षेत्र के जनसेवक व भामाशाह डारा पिछले काफी वर्षों से शिक्षा, चिकित्सा व नशा मुक्ति की के क्षेत्र में अपना योगदान दे रहे हैं।कोरोना के समय ऑक्सीजन की कमी आने पर डारा ने अपने फंड से फलोदी और लूणी क्षेत्र में ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करवाया। जिससे फलोदी क्षेत्र की जनता को काफी राहत मिली थी।

## गांधी जीवन दर्शन समिति जिला सह–संयोजक सैनी का किया अभिनन्दन



बाप/कविकान्त खत्री/चमकता राजस्थान

महात्मा गांधी दर्शन जिला जोधपुर सह–संयोजक शिवकरण सैनी का बाप में भारतीय संविधान की प्रस्तावना भेंट कर अभिनन्दन व स्वागत किया गया। इस मौके सैनी ने कहा की गहलोत सरकार द्वारा प्रत्येक गांव व पंचायत मुख्यालय पर गांधी पुस्तकालय सहित्य एवं संविधान निर्माण केन्द्र खोले जायेंगे। इस मौके बाप एसडीएम मांगीलाल सुथार, विकास अधिकारी प्रवीण सिंह, पूर्व उप प्रधान जगदीश पालीवाल, गांधी दर्शन समिति बाप संयोजक मनोज पुरोहित, सह संयोजक गणपत भाट, युवा सह–संयोजक मेहबूब कलर, महिला सह–संयोजक बिदामी विश्नोई, मौजदीन तेली, फूलचंद गर्ग आदि उपस्थित थे।

### जिला जाटव महासभा समिति द्वारा आयोजित हुआ प्रतिभावान सम्मान समारोह

# एससी वर्ग को पूरा आरक्षण देने के लिये केन्द्र सरकार जातिगत जनगणना कराये-जाटव

### विद्यार्थी लक्ष्य निर्धारित कर प्राप्ति का करें प्रयास- डॉ. गर्ग

चमकता राजस्थान




**भरतपुर ( राजवीर सिंह ).** जिला जाटव महासभा समिति द्वारा रविवार को बाबा मैरिज होम में प्रतिभा सम्मान समारोह सार्वजनिक निर्माण मंत्री भजनलाल जाटव के मुख्य आतिथ्य एवं तकनीकी शिक्षा व आयुर्वेद राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जिसमें समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों और प्रतियोगी परिक्षाओं में चयनित होने वाले युवाओं का सम्मान किया गया।

समारोह में सार्वजनिक निर्माण मंत्री भजनलाल जाटव ने सम्मान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी एवं प्रतियोगी परिक्षाओं में चयनित होने वाले युवाओं को बधाई देते हुये कहा कि संविधान निर्माता बाबा भीमराव अम्बेडकर ने दलित शोषित वर्ग को आरक्षण देने का जो विधान बनाया उसका पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है जिसके लिये जरूरी है कि केन्द्र सरकार जातिगत जनगणना करायें। जिससे अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं को उनके लिये दिये गये आरक्षण का पूरा लाभ मिल सके। उन्होंने समाज के युवाओं से आग्रह किया कि वे राजकीय सेवाओं के अलावा व्यापार के क्षेत्र में भी कार्य प्रारंभ करें क्योंकि राजकीय सेवाओं में स्थान सीमित हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आन्दोलनों के दौरान समाज के जिन व्यक्तियों के विरूद्ध मुकदमें दायर हुये उन्हें वापिस कराया जायेगा। उन्होंने जाटव समाज के छात्रावास के लिये शीघ्र भूमि आवंटित कराई जायेगी और इस भूमि को निशुल्क आवंटित कराने के लिये मुख्यमंत्री को प्रकरण बनाकर भिजवाया जायेगा।भूमि आवंटित होने के बाद वे एवं तकनीकी शिक्षा राज्यमंत्री मिलकर विधायक निधि से छात्रावास निर्माण के लिये आवश्यक राशि मुहैया करायेंगे।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये तकनीकी शिक्षा एवं आयुर्वेद राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे लक्ष्य निर्धारित कर इसे प्राप्ति का प्रयास करें। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि शिक्षा का कोई विकल्प नहीं है। बाबा साहब अम्बेडकर ने संविधान में जो अधिकार दिये हैं उन्हें छिन्न भिन्न करने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन हम सब मिलकर इसे सफल नहीं होने दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ही अनुसूचित जाति के आरक्षण में बढोतरी की और समाज के विकास के लिये अनेक योजनाऐं बनाकर लागू कराई। उन्होंने भरतपुर विधानसभा क्षेत्र में कराये गये विभिन्न विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी देते हुये बताया कि भरतपुर को एज्यूकेशन हब बनाया जा रहा है ताकि क्षेत्र के युवा तकनीकी एवं अन्य प्रकार की उच्च शिक्षा प्राप्त कर रोजगार के नये अवसर प्राप्त कर सके। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे समाज के साथ हैं और समाज की सुविधाओं के लिये हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे। इस अवसर पर भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित हुये हेमेन्द्र सिंह का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह कैन,अरविन्द वर्मा, विजयसिंह अम्बेश, मुकेश पिप्पल, अशोक अम्बेश, कुंदनलाल, आरसी वर्मा, प्रेमसिंह आर्य, शहर अध्यक्ष डॉ. दयाचन्द पचौरी, सेवर ब्लॉक अध्यक्ष दीनदयाल जाटव, पंचायत समिति सदस्य दिनेश आर्य, रूप सिंह कैन,चन्दन सिंह,अशोक सहना, ताराचन्द वर्मा, बदनसिंह एडवोकेट आदि उपस्थित थे।

### भारतीय किसान संघ - सपोटरा के ग्राम पंचायत ओड़च में किसान सम्मेलन का हुआ सफल आयोजन

# किसानों के उत्थान से ही होगा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास – नवल किशोर मीना (मोहनपुरा)

चमकता राजस्थान



**सपोटरा।** भारतीय किसान संघ तहसील सपोटरा के ग्राम ओड़च में पहाड़ी पर स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में किसान सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। किसान सम्मेलन में सपोटरा तहसील के दूर-दराज के किसानों द्वारा बढ़ चढ़कर भाग लिया गया। किसान सम्मेलन में नवल किशोर मीना (मोहनपुरा) द्वारा भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों के स्नेह आमंत्रण पर उपस्थित होकर किसानों को संबोधित किया एवं वृक्षारोपण किया। सम्मेलन में जिला अध्यक्ष मोहर सिंह मीना (मांगरोल), तहसील अध्यक्ष राजाराम एकिट, गंगाराम मीना संभाग अध्यक्ष (खानपुर), हंसराज मीना (मांगरोल), प्रमुख किसान नेता गिर्राज मीणा (कुरावता) इत्यादि गणमान्य पदाधिकारियों एवं सपोटरा तहसील के समस्त किसान कार्यक्रम में उपस्थित हुए। भारतीय किसान संघ द्वारा संपूर्ण राजस्थान में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन वृहत स्तर पर किया जा रहा है। नवल किशोर ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। इनके विकास के लिए सरकारों को कृत संकल्प होना होगा। किसान देशहित की भावना के साथ धरती मां की जिंदगी भर सेवा करता है। इस अवसर पर नवल किशोर मीना (मोहनपुरा) ने उपस्थित सभी गणमान्य पदाधिकारियों एवं किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों को जैविक खेती से जोड़ना होगा, जिससे कीटनाशकों एवं पेस्टिसाइड से होने वाले दुष्प्रभावों पर अंकुश लग सकेगा। उन्होंने कहा कि किसानों को राज्य सरकार द्वारा किसान के लिए चलाई जा रही सभी योजनाओं एवं स्कीम का लाभ अधिक से अधिक संख्या में उठाने हेतु जागरुक एवं एकजुट होना होगा। उन्होंने कहा कि हर ग्राम पंचायत में सहकारी समितियां होती है जहां खाद, बीज, दवाई, कीटनाशक, पेस्टिसाइड्स एवं अन्य महत्वपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध होती है। इन सभी सुविधाओं का लाभ हर किसान तक पहुंचे, इसके लिए किसान संघ द्वारा प्रयास करना होगा जिससे किसान की आय में वृद्धि हो सके।

### श्री हनुमान चालीसा सामूहिक पाठ कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन

सर्वसमाज द्वारा 15 अगस्त मंगलवार 2023 को श्री भंदे बालाजी मंदिर में श्री हनुमान चालीसा प्रबंध समिति संरक्षक व अध्यक्ष श्री अमरनाथ जी महाराज के सानिध्य में श्री हनुमान चालीसा सामूहिक पाठ होने जा रहा है कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन हाथोज धाम दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर महंत महामंडलेश्वर व अखिल भारतीय सन्त समाज अध्यक्ष स्वामी बालमुकन्दाचार्य जी महाराज ने किया समाजसेवी ,राधाकिशन परवाल ,राधेश्याम बैराठी , एडवोकेट जितेंद्र कुमावत , मुकेश कुमावत नेमीचंद कुमावत ओमप्रकाश युवा शक्ति समिति उगरियावस के अध्यक्ष व कार्यकर्म सह संयोजक कैलाश देवतवाल ने बताया प्रमुख संतो द्वारा कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन कराया जा रहा है।

## महिला भागीदारी से विद्युत विकास में लगेंगे पंख

चमकता राजस्थान



**धौलपुर ( रामदास तरुण ब्यूरो चीफ )** फुलेरा /काचरोदा सेंटर फॉर एनर्जी एनवायरनमेंट एंड पीपल (सीईईपी) एवं ग्रामीण मानव कल्याण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में विनायक पब्लिक स्कूल काचरोदा, फुलेरा में विद्युत क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी एवं भूमिका पर चर्चा हुई। चर्चा में सीईईपी की सुशीला मुर्मू ने आवश्यक सेवा के रूप में बिजली, कार्यदक्षता के मापदंड, शिकायत निवारण पद्धति तथा दैनिक जीवन में इसके महत्व एवं विकास में इसकी भूमिका को विस्तार से समझाया। कार्यशाला में काचरोदा ग्राम की 20 से ज्यादा घरेलू एवं सामाजिक कार्यों से जुड़ी महिलाओं ने हिस्सा लिया, जिन्होंने भिन्न-भिन्न गतिविधियों द्वारा जाना की कैसे एक महिला सक्रिय भागीदारी से बिजली की बेहतर आवक एवं समस्या का त्वरित समाधान करवा सकती है तथा अपने लिए विकास के आयामों को मजबूत कर सकती है। ग्रामीण मानव कल्याण संस्थान के निदेशक सुलैमान शेख ने कहा कि हम लोग विद्युत सम्बंधित जन चेतना एवं शिकायत निवारण कार्य करते आये है, लेकिन महिलाओं के साथ यह पहला प्रयोग है तथा उम्मीद है कि महिला भागीदारी से संगठित विकास को बल मिलेगा। कार्यशाला में शामिल संभागी महिलाओं ने भी अपने विचार रखे जिसमें सामाजिक विकास में लैंगिक समानता की आवश्यकता, बिजली बचत में महिलाओं की भागीदारी तथा उत्तम बिजली सेवाओं को हासिल करने से परिवार की कुल आये में बढ़ोतरी जैसे मुख्य विषय मौजूद थे।

### बीजेपी उपाध्यक्ष बोले– मंत्री जाहिदा ने किया करोड़ों का भ्रष्टाचार

**जयपुर।** राजस्थान की शिक्षा राज्यमंत्री की जाहिदा खान की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। पीसीसी के बाहर लगे भ्रष्टाचार के पोस्टर के बाद बीजेपी ने जाहिदा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने कहा कि जाहिदा खान शिक्षा विभाग में करोड़ों रुपए का घोटाला कर रही है। वह बिना कमीशन खोरी के कोई काम ना तो करती है, ना ही होने देती है। जिसकी वजह से राजस्थान की शिक्षण व्यवस्था बद से बदतर स्थिति में पहुंच चुकी है। बीजेपी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मुकेश दाधीच ने कहा कि राजस्थान में 110 करोड की लागत से 9 हजार 401 स्कूलों में स्मार्ट क्लासेज बनाने का काम सरकार ने बजट घोषणा (2021-22) में किया था। यह काम इसी सत्र 2021-22 में ही पूरा होना था। इसके लिए सरकार ने स्मार्ट क्लासेज बनाने का टेंडर तीन कंपनियों को दिया था। तीनों कंपनियों ने काम शुरू भी कर दिया। लेकिन कमीशन नहीं मिलने के चलते मंत्री जाहिदा ने इंटेस कंपनी के लोगों को वर्क ऑर्डर निरस्त करने की धमकी देना शुरू कर दिया। सरकारी नियमों के तहत वर्कऑर्डर होने के बाद पीडीआई रोका जाना संभव नहीं है। लेकिन बावजूद इसके मंत्री जाहिदा खान ने 5 जून 2023 को नोटशीट पर पीडीआई रोकने के आदेश जारी कर दिये।

## 91 दिनों से धरने पर बैठे बिजली कर्मचारी विधानसभा घेराव की तैयारी में।

चमकता राजस्थान



रामदास तरुण (ब्यूरो चीफ) जयपुर/ज्ञात रहे विगत 91 दिनों से अनिश्चितकालीन धरने पर गांधीनगर विधायकों के आवासों के बाहर इंटर डिस्कॉम तबादलों की मांग को लेकर बिजली कर्मचारी इंटर डिस्कॉम संयुक्त संघर्ष समिति राजस्थान के बैनर तलें प्रदेश अध्यक्ष रामकेश मीणा जी के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं, लेकिन सरकार और निगम प्रशासन की तरफ से आश्वासन के अलावा अभी तक कर्मचारियों के पक्ष में नहीं आया है, हालांकि मुख्यमंत्री स्तर पर भी कई बार समस्या को रखा गया वहां से हर बार आश्वासन ही मिला, बाबजूद इस समस्या का समाधान नहीं हो सका इससे कर्मचारियों में भारी आक्रोश है, और इसी आक्रोश का परिणाम है कि 18 जुलाई को इन कर्मचारियों ने भारी संख्या में विधानसभा घेराव का ऐलान कर दिया है, ताकि सरकार तक अपनी बात पहुंचा कर सरकार पर दबाव बनाकर इंटर डिस्काम की मांग को मनवाया जा सके

प्रदेश अध्यक्ष रामकेश मीणा से बात करने पर उन्होंने बताया कि विधानसभा घेराव में इंटर डिस्कॉम समिति राजस्थान को कई संगठनों ने समर्थन किया है और बाकी बचे संगठनों का भी जल्दी ही समर्थन और साथ मिलेगा हमारा उद्देश्य सिर्फ इतना है, कि बरसों से पीड़ित कर्मचारी जिनमें विधवा महिला विकलांग और गंभीर रोगों से ग्रस्त कर्मचारी भी शामिल है, जो घर से सैकड़ों किलोमीटर दूर ट्रांसफर नीति नहीं होने के कारण नौकरी करने को मजबूर हैं, ऐसे कर्मचारियों को और राहत मिल सके सरकार को भी चाहिए कि थोड़ा सॉफ्ट कॉर्नर अपनाकर कर्मचारियों को राहत प्रदान करें।

## भूमि विकास बैंक का चेयरमैन बनने पर भाटी का किया स्वागत



बाप/कविकान्त खत्री/चमकता राजस्थान

बाप क्षेत्र के बारू निवासी गेम्बर सिंह भाटी भूमि विकास बैंक जोधपुर के निर्विरोध चेयरमैन निर्वाचित हुए हैं।भाटी के चेयरमैन निर्वाचित होने पर ग्रामवासियों सहित आसपास के ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को पूर्व उप सरपंच बारू अमीन खान कोहरी द्वारा भाटी का साफा पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इस मौके रोजे खान, अमीन खान कोहरी, लाधुसिह बारू, गिरधारी सिंह, तनेरावसिंह बारू, कैप्टन हुसैन खां, कायमदीन खान, अजीम खां, नजीर खान, मिसरी खान, अमरू खा, जमाल खान, बकु खान, सोनाराम, दुर्गाराम मास्टर, मनोहर सुथार, बाबुराम सुथार आदि उपस्थित थे।

## हिंडालगोल में हज यात्रा से लौटे हाजियों का किया स्वागत



बाप/कविकान्त खत्री/चमकता राजस्थान

बाप क्षेत्र के हिंडालगोल गांव में हज यात्रा से लौटे हाजियों का स्वागत किया गया। नगरपालिका बाप के डिप्टी चेयरमैन गोपाल भट्टड़, कांग्रेस नेता नंदकिशोर तंवर, भाजयुमो मण्डल बाप अध्यक्ष मांगीलाल पालीवाल, पत्रकार कविकान्त खत्री, समाजसेवी हाजी हबीब हिंडालगोल, कासम खान केके किराणा ने पवित्र हज यात्रा कर लौटे हाजी नबीबक्स, हाजी वाहिद खान, हाजी समसदीन धोलू का माला पहनाकर एवं मुंह मीठा करवाकर स्वागत किया। इस मौके नगरपालिका बाप के डिप्टी चेयरमैन गोपाल भट्टड़ ने कहा कि धार्मिक यात्रा का अपना एक महत्व होता है। हर धर्म व मजहब के व्यक्ति को अपने जीवन में धार्मिक यात्रा जरूर करनी चाहिए। इससे व्यक्ति के विचार शुद्ध होते हैं तथा उसे जीवन मे अच्छे कर्म करने की प्रेरणा मिलती है।

## बसेड़ी विधानसभा संभावित प्रत्याशी होतम सिंह जाटव ने किया रविवार को क्षेत्रीय दौरा



चमकता राजस्थान

**धौलपुर ( रामदास तरुण ब्यूरो चीफ )** बसेड़ी विधानसभा संभावित प्रत्याशी होतम सिंह जाटव रविवार को क्षेत्रीय दौरे पर आमजन से मुलाकात करने गये और क्षेत्र में लोगों से मुलाकात की रामलखन मीणा सरपंच,बसेड़ी में सुभाष सोनी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता,मठ बादली बीरेन्द्र डीलर के यहां पैतृक शोक में संवेदना व्यक्त की, बागथर में जनसंपर्क,भारली पूर्व सरपंच विजयभान सिंह गुर्जर के यहां लोगों से चर्चा की,चंदू पुरा,ईधौन ,मूडिक, हीरापुरा, संजय जाटव महासचिव कांग्रेस कमेटी जयपुर का माला साफा बांधकर स्वागत किया गया इसी के साथ अन्य गांवों का दौरा किया इस दौरान बसेड़ी विधानसभा संभावित प्रत्याशी होतम सिंह जाटव,संजय जाटव महासचिव कांग्रेस कमेटी राजस्थान वरिष्ठ पार्षद विनोद शर्मा मुकेश कोली, सुरजीत गुर्जर, तपेश बिधूड़ी,ताराचंद, जीतेन्द्र सुमन, कप्तान सिंह,सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## रूप सिंह के मुख्य आतिथ्य में भुसावर ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन हुआ



चमकता राजस्थान

ब्यूरो चीफ दीपचंद शर्मा भरतपुर, कोली समाज जागृति संस्थान भरतपुर की बैठक भुसावर में रूपसिंह जिला अध्यक्ष के मुख्यातिथ्य में सुमन कोली पूर्व महापौर की अध्यक्षता में अशोक कोली सरपंच के विशिष्ट आतिथ्य में भुसावर ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन हुआ जिसमें डालचंद कोली को ब्लॉक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष देवचनरण मैनापुरा को बनाया गया । बैठक में मृत्यु भोज और शराब पीना पूर्ण रूप से बंद करने का निर्णय लिया । इस अवसर पर रूपसिंह जी ने कहा की कोली समाज का छात्रावास बनाने के लिए हम प्रयासरत है। सुमन कोली ने कहा की किसी भी समाज का उत्थान तभी संभव जब समाज की महिलाए हर प्रगति के क्षेत्र में आगे बढे । महिला शिक्षा हमारे समाज की बहुत बड़ी जरूरत है । समाज के बच्चो को पढ़ाकर आगे बढ़ाने आदि विषयों पर चर्चा हुई । इस अवसर पर कमलचंद कोली जिला महामंत्री, देवचर्ण, पदमचंद, प्रभुदयाल पूर्व सरपंच,रमेशचंद, हरीचंद रामखिलाडी, भगवानसिंह, जगदीश,रमेशचंद भुसावर, मोनू आदि मौजूद रहे।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**श्रीगंगानगर।** जिले के केसरीसिंहपुर इलाके में शनिवार देर रात युवक की ट्रेन से कटने से मौत हो गई। युवक नशे का आदी था और अक्सर नशा करने के बाद परिवार के लोगों से झगड़ा करता था। शनिवार रात को भी उसने परिवार में झगड़ा किया। झगड़ा इतना बढ़ा कि युवक ने परिवार के लोगों को ट्रेन से कटकर मर जाने की धमकी दे डाली। इसके बाद वह घर से निकल गया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवम 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली न.6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक: अभय सिंह चौहान,
मोबाइल: 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

## सीताबाड़ी जा रहे पैदल यात्रियों का किया, सेवा -सत्कार



चमकता राजस्थान

शाहाबाद (बारां) -कल हरियाली अमावस्या के शुभ अवसर पर दूरदराज क्षेत्र से लोगों की विशाल संख्या में सीताबाड़ी के लिए जाते पैदल यात्री , लक्ष्मण जी महाराज के दर्शन लिए जा रहे पैदल यात्रियों में बच्चों एवं महिलाएं अधिक थी l पैदल सभी यात्रियों के लिए बांसखेड़ा माल की युवा मंडली द्वारा चाय , पानी व नाश्ता कराया गया l जिसमें सुमरन सिंह , सोनू मेहता, उत्तम मेहता, संजू मेहता, विशाल मेहता, जय गोविंद मेहता , सुनील मेहता, आदि मौजूद थे l पैदल यात्री हर हर महादेव ,जय श्री राम बोलते हुए नेशनल हाईवे 27 से होकर जा रहे हजारों पैदल यात्रियों में बड़ा भक्ति श्रद्धा का उत्साह देखने को मिला । वही मौसम ठंडा होने के कारण यात्रियों को पैदल चलने में दिक्कत नहीं हो रही । वह आसानी से पैदल जा रहे हैं ।

## आगरा व जी.आर.पी. आगरा कैंट द्वारा यात्री सामान की चोरी व लूट करने वाले दो शातिर चोर पकड़े



चमकता राजस्थान

धौलपुर (रामदास तरुण ब्यूरो चीफ) आगरा में 02 शातिर चोरों को ट्रेनों से चोरी किए गये 03 मोबाइल फोन व 01 टैबलेट के साथ गिरफ्तार किया गया। आज दिनांक 16.07.2023 को प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त आगरा द्वारा जारी निर्देशो की अनुपलना में रे.सु.ब, डिटेक्टिव विंग आगरा द्वारा जी.आर.पी.आगरा कैंट स्टाफ के साथ यात्री सामान चोरी व लूट के पंजीकृत मुकदमा में अज्ञात चोरों की सुरागरसी पतारसी कर मुखविर खास की सूचना पर संयुक्त रूप से 02 शातिर चोरों को ट्रेनों से चोरी किये गये मोबाइल व टैबलेट के साथ आगरा कैंट स्टेशन के PF NO 6 के पास पार्सल शैड कुली विश्राम गृह के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपीयों द्वारा बताया गया कि उक्त समान को उन्होंने पूर्व में गाड़ी सं. 12615 जी. टी.एक्स. , 12138 पंजाब मेल, 19308 इंदौर एक्स. 14623 पातालकोट एक्सप्रेस से चुराया था वीडियो कॉल द्वारा उक्त सामान को वादी गणों को दिखाया जाने पर पहचान कर तस्दीक कर ली गयी

*गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण*

(01). सचिन पुत्र छविराम उम्र 20 वर्ष निवासी खरूरी थाना मुरार जिला ग्वालियर मध्य प्रदेश हाल पता ग्राम सिमरिया थाना घाटीगांव जिला ग्वालियर मध्य प्रदेश

(02) सीताराम पुत्र उम्मेद हरप्रसाद उम्र 19 वर्ष निवासी कैलारस थाना कैलारस जिला मुरैना मध्य प्रदेश

*बरामदगी*

(01). तीन अदद एंड्राइड मोबाइल फोन

(02). एक अदद टेबलेट

*बरामद सामान की कुल कीमत करीब 90,000/- रुपए*

*अपराध का तरीका*

ग्वालियर से मथुरा ट्रेन में बैठकर यात्रियों के मोबाइल फोन व अन्य कीमती सामान की चोरी करते हैं तथा आते जाते लोगों को अपनी मजबूरी बताकर बेच देते हैं जिससे अपना खर्च चलाते हैं ।

*गिरफ्तार करने वाली टीम*

सहायक उप निरीक्षक राजा राम मीना रे.सु.ब./डिटेक्टिव विंग/ आगरा,Ct सुनील कुमार RPF/AGC,

उ.नि.सत्यपाल सिंह ,उ.नि. दलीप कुमार हमराह स्टॉफ जीआरपी आगरा कैंट

## महिला भागीदारी से विद्युत विकास में लगेंगे पंख



चमकता राजस्थान

धौलपुर (रामदास तरुण ब्यूरो चीफ) फुलेरा /काचरोदा सेंटर फॉर एनर्जी एनवायरनमेंट एंड पीपल (सीईईपी) एवं ग्रामीण मानव कल्याण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में विनायक पब्लिक स्कूल काचरोदा, फुलेरा में विद्युत क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी एवं भूमिका पर चर्चा हुई। चर्चा में सीईईपी की सुशीला मुर्मू ने आवश्यक सेवा के रूप में बिजली, कार्यदक्षता के मापदंड, शिकायत निवारण पद्धति तथा दैनिक जीवन में इसके महत्व एवं विकास में इसकी भूमिका को विस्तार से समझाया। कार्यशाला में काचरोदा ग्राम की 20 से ज्यादा घरेलू एवं सामाजिक कार्यों से जुड़ी महिलाओं ने हिस्सा लिया, जिन्होंने भिन्न-भिन्न गतिविधियों द्वारा जाना की कैसे एक महिला सक्रिय भागीदारी से बिजली की बेहतर आवक एवं समस्या का त्वरित समाधान करवा सकती है तथा अपने लिए विकास के आयामों को मजबूत कर सकती है। ग्रामीण मानव कल्याण संस्थान के निदेशक सुलैमान शेख ने कहा कि "हम लोग विद्युत सम्बंधित जन चेतना एवं शिकायत निवारण कार्य करते आये है, लेकिन महिलाओं के साथ यह पहला प्रयोग है तथा उम्मीद है कि महिला भागीदारी से संगठित विकास को बल मिलेगा।

कार्यशाला में शामिल संभागी महिलाओं ने भी अपने विचार रखे जिसमें सामाजिक विकास में लैंगिक समानता की आवश्यकता, बिजली बचत में महिलाओं की भागीदारी तथा उत्तम बिजली सेवाओं को हासिल करने से परिवार की कुल आये में बढ़ोतरी जैसे मुख्य विषय मौजूद थे।

## जैन संत की हत्या के विरोध में मोन जुलूस निकालकर किया विरोध प्रकट



चमकता राजस्थान किशनगढ़/ शंकर लाल शर्मा

किशनगढ़ में सकल जैन समाज द्वारा कर्नाटक में जैन संत की हत्या के विरोध में जैन समाज में आक्रोश था जिसके फल स्वरूप जैन आचार्य श्री 108 कामकुमार नंदी महाराज की हुई निर्मम हत्या के विरोध मेंमार्बल सिटी में सकल जैन समाज ने मोन जुलूस निकाल कर राष्ट्रपति के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर हत्या में शामिल लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की गई जैसा की सर्वविदित है कि5 जुलाई को आचार्य कामकुमार का हुआ था अपहरण 7 जुलाई को मिले थे उनकेशरीर के कई टुकड़े

कर्नाटक के बेलगाम चिक्कोड़ी के पास हिरकोडी जैन तीर्थ में साधना कर रहे जैन आचार्य की हुई थी निर्मम हत्या

जैन समाज ने आरोपियो की गिरफ्तारी मांग की गई एवं,हत्या की साजिश में शामिल आरोपियों पर करवाई की मांग हेतु ज्ञापन सोप कर घटना की उच्च स्तरीय जांच व जैन संतो व तीर्थों की सुरक्षा एवं समाज के संरक्षण के लिए सभी राज्यों में जैन सदस्य एवं जैन कल्याण बोर्ड के गठन की मांग की गई आज सैकड़ोंकी संख्या में सकल जैन समाज के लोगो ने जैन भवन से उपखंड अधिकारी निवास तक विरोध स्वरूप निकाला मोन जुलूस निकाला गया जिसमें बड़ी तादाद में महिलाएं भी शामिल थीमौन जुलूस में सांसद भागीरथ चौधरी,RK मार्बल ग्रुप चेयरमैन अशोक पाटनी,भाजपा नेता विकास चौधरी जैन समाज के चंदू वेद,पंकज पहाड़िया, राजकुमार दोषी, योगेश पाटनी सहित बड़ी संख्या मैं सकल जैन समाज के लोग रहे मौजूद

## नागरिक पत्रकारिता पर कार्याशाला आयोजित



चमकता राजस्थान

जयपुर,16 जुलाई । विश्व संवाद केन्द्र फाउंडेशन की ओर से रविवार को नागरिक पत्रकारिता विषय पर कार्याशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जयपुर प्रांत के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

विश्व संवाद केन्द्र की अध्यक्ष डॉ. शुचि चौहान ने बताया कि वीएसके की गतिविधियां वर्षभर चलती है। इसी कड़ी में रविवार को पाथेयकण संस्थान में नागरिक पत्रकारिता पर कार्याशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में नागरिक पत्रकारिता को विस्तृत रूप से समझाया गया। विभिन्न सत्रों में समाचार लेखन, प्रेस विज्ञप्ति और संपादक के नाम पत्र, फोटो- वीडियो एडिटिंग, पोस्टर निर्माण, सोशल मीडिया में सहभाग आदि का प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि आज नागरिक पत्रकारिता की सहभागिता से मीडिया का लोकतंत्रीकरण हुआ है। इंटरनेट के आगमन के बाद नागरिक पत्रकारिता का व्याप बढ़ा है। इसके माध्यम से ग्राउंट जीरो पर बैठा व्यक्ति भी अपनी बात तथ्यों के साथ मुखरता से रख सकता है। उन्होंने बताया कि वीएसके इस प्रकार की कार्यशालाएं जिला स्तर तक आयोजित करेगा। कार्यशाला में आरएसएस के क्षेत्र प्रचार प्रमुख मनोज कुमार और प्रांत प्रचार प्रमुख डॉ महावीर कुमावत भी उपस्थित रहे।

## प्रदेश प्रभारी विनय मिश्रा के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी ने किशनपोल विधानसभा में तिरंगा यात्रा निकाली

### आप ने निकाली किशनपोल विधानसभा में तिरंगा यात्रा



चमकता राजस्थान

जयपुर।राजस्थान में चुनाव नजदीक आने के साथ ही आम आदमी पार्टी ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है किशनपोल विधानसभा में प्रदेश प्रभारी दिल्ली विधायक विनय मिश्रा के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई इस यात्रा में हजारों की संख्या में किशनपोल विधानसभा के निवासियों ने भाग लिया। किशनपोल विधानसभा के जावेद हुसैन ने यात्रा का संयोजन किया।आम आदमी पार्टी राजस्थान के सभी विधानसभा में चुनाव लड़ने जा रही है और इसी क्रम में सभी विधानसभाओं में तिरंगा यात्रा और संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं प्रदेश प्रभारी विनय मिश्रा ने बताया कि राजस्थान के लोगो की बात की जाए तो यहां लोग दिल्ली की केजरीवाल सरकार और पंजाब कि भंगवत मान की सरकार के कार्यों से प्रभावित होकर इस बार आम आदमी पार्टी को राजस्थान में लाने का मन बना रहे है।

## मुख्यमंत्री में थोडी बहुत भी इंसानियत होती तो इतने काले कारनामें के बाद खुद ही कुर्सी छोड देते - सीपी जोशी

### कांग्रेस के नेता खुद कहते हैं हमारी कोई सुनवाई नहीं, योजनाओं का नाम बदलने से विकास नहीं होताः-वसुंधरा राजे



चमकता राजस्थान

जयपुर,16 जुलाई 2023। महिला युवा और किसान विरोधी गहलोत सरकार के जंगलराज भ्रष्टाचार और चौपट कानून व्यवस्था के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कांग्रेस जो साठ सालों में नहीं कर सकी वह मोदी सरकार ने नौ सालों में कर दिखाया। राजस्थान में भ्रष्टाचार चरम पर है। कांग्रेस के पूर्व राज्यमंत्री गोपाल केसावत को एसीबी ने 18 लाख रुपए लेते हुए पकड़ा है, इससे पहले बाबूलाल कटारा जो आरपीएससी के मेंबर बने, उनकी गिरफ्तारी के समय वह कह चुके हैं कि उन्होंने डेढ़ करोड़ रुपए इस पद के लिए दिए थे। सचिन पायलट के एमएलए के पक्ष में जब कोर्ट में हरीश साल्वे को खड़ा किया तो मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पूछा था कि इतने पैसे कहां से आए, तो आज मुख्यमंत्री जी को यह भी पता करना चाहिए कि सलमान खुर्शीद को सुरेश ढाका से किसने मिलाया, उसकी फीस कहां से जा रही है। सीपी जोशी ने कहा सुरेश ढाका के लिए सलमान खुर्शीद जैसा वकील आ सकता है तो अच्छा होता जयपुर बम ब्लास्ट के आरोपियों को सजा दिलाने के लिए भी अच्छा वकील खडा करते।

सीपी जोशी ने कहा एक आंसू भी हुकुमत के लिख खतरा है, राजस्थान में तो आंखों में समुन्दर आ गया। राजस्थान की गूंगी, बहरी और नाकारा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई। कांग्रेस ने चुनाव के समय जनता से बडे बडे वादे किए, लेकिन सरकार बनने के बाद कोई भी वादा पूरा नहीं किया। कर्ज माफ नहीं होने और जमींने नीलाम होने के कारण राजस्थान का किसान सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए आत्महत्या कर रहा है, पेपर लीक की घटनाओं से युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है।

नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि राजस्थान अब जुल्म नहीं सहेगा, प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार की झूंठी घोषणाओं, वादाखिलाफी, भ्रष्टाचार महिला और दलित उत्पीडन से पूरी तरह त्रस्त है। गहलोत सरकार के काम के महज दो महिने बचे हैं, आगामी दो महिने बाद आचार संहिता लग जाएगी। गहलोत सरकार के कार्यकाल में प्रदेश शर्मशार हुआ है, पन्नाधाय और पदमिनी का इतिहास शर्म से झुक गया। हर रोज प्रदेश में कोई ना कोई निर्भया हत्याकांड हो जाता है, दो दिन पहले ही हिंडौन की घटना हुई दलित महिला की गोली मारकर हत्या कर दी थी। बीकानेर के खाजूवाला में रक्षक ही भक्षक बनकर पुलिस कांस्टेबल एक दलित युवती से बलात्कार कर हत्या के अपराध में शामिल पाए जाते हैं। सरकार के मंत्री कहते हैं कि यह मर्दों का प्रदेश है, यह उन मर्दों का प्रदेश हैं जिन्होने नारी रक्षा के लिए अपनी गर्दन तक कटवा दी।

पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई के पात्र हैं। मोदी को हाल ही में फ्रांस के राष्ट्रपति ने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया। दूसरी तरफ प्रदेश की गहलोत सरकार साढे चार साल में प्रदेश का भला करने के बजाया अपने आपको और मंत्रियों को मजबूत करने में जुटे हुए है। साढ़े चार साल में सिवाय भ्रष्टाचार के प्रदेश को कुछ भी नहीं मिला। सरकारी कामों के हालात ये हैं कि जनता का कोई भी कार्य बिना घूस के नहीं हो सकता।

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया, प्रदेश महामंत्री व सांसद दिया कुमारी, राष्ट्रीय प्रवक्ता राज्यवर्धन सिंह राठौड, रामचरण बोहरा, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, अरुण चतुर्वेदी और राष्ट्रीय मंत्री अल्का सिंह गुर्जर ने भी संबोधित किया।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की रैली में डीग कुम्हेर विधानसभा से सैकड़ों कार्यकर्ता प्रताप सिंह महरावर के नेतृत्व में जयपुर पहुंचे



चमकता राजस्थान

चमकता राजस्थान ब्यूरो चीफ दीपचंद शर्मा जयपुर,भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के आह्वान पर नहीं सहेगा राजस्थान की रैली मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में आयोजित हुई जिसमें डीग कुम्हेर विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ों कर्मठ कार्यकर्ता भाजपा किसान मोर्चा के जिला संयोजक व नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका कुम्हेर प्रताप सिंह महरावर के नेतृत्व में पहुंचे । प्रताप सिंह महरावर ने बताया कि डीग कुम्हेर विधानसभा क्षेत्र से दो बार से बीजेपी के प्रत्याशी बाहरी विधानसभा होने के कारण हार रहे हैं अबकी बार डीग कुम्हेर के समस्त भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का मानस है कि स्थानीय जो हेडक्वार्टर पर रहता हो को यदि टिकट दिया गया तो जीत निश्चित है क्योंकि दो बार से कांग्रेस पार्टी के जो विधायक रहे हैं वह नहीं तो गौशाला बनवा पाए, नहीं सिंचाई के पानी की कोई व्यवस्था कर पाए, नहीं पीने के पानी की कोई व्यवस्था कर पाए ,ना ही टूटी हुई सड़कों की कोई व्यवस्था कर पाए और बेरोजगार बच्चों के लिए कोई रोजगार के साधन भी नहीं खुलवा पाए थे जनता उनसे नाराज है और बदलने का मानस बना चुकी है यदि भारतीय जनता पार्टी से कोई लोकल रहने वाला प्रत्याशी हुआ तो इस बार भारतीय जनता पार्टी की जीत निश्चित है। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, प्रभारी अरुण सिंह, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौर, उप नेता सतीश पूनिया, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, सह प्रभारी विजया रहाटकर, अलका गुर्जर, सौम्या गुर्जर, अरुण चतुर्वेदी, अशोक परनामी, नवरत्न नरानियां आदि नेताओं ने अपने संबोधन में कांग्रेस सरकार के कुशासन के कार्य गिनाए व केंद्र में मोदी सरकार के 9 वर्ष के सफलतम कार्य गिनाए और सभी ने कहा कि अबकी बार राजस्थान में से कांग्रेस को उखाड़ फेंकना है और भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनानी है ।